MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः13 | ग्वालियर, बुधवार 25, सितंबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी सुविधा, ड्रॉप एंड गो सुविधा के साथ इंटीग्रेटेड पार्किंग शुरू

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रेलवे स्टेशन पर एयरपोर्ट जैसी वाहन पार्किंग की सुविधा की शुरुआत हुई है. रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-1 की ओर यात्रियों की सुविधा के लिए 10 मिनट की ड्रॉप एंड गो सुविधा के साथ इंटीग्रेटेड पार्किंग शुरू कर दी गई है. इस सुविधा से प्लेटफार्म-1 की ओर से आने वाले यात्रियों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी.नई बिल्डिंग के बाहर रेलवे ने वन वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की है, जिससे गाड़ियां एक तरफ से आएंगी और दूसरी तरफ से जाएंगी. यह कदम स्टेशन परिसर में वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करने और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्रियों के लिए यह सुविधा तुरंत प्रभाव से शुरू कर दी गई है, जिसमें 10 मिनट की ड्रॉप एंड गो सुविधा भी शामिल है.




**40 से 50 हजार यात्रियों का होता है आवागमन**-प्लेटफार्म एक की ओर बनी नई पार्किंग में लगभग 800 दोपहिया और 200 चार पहिया वाहनों की पार्किंग की क्षमता है. वर्तमान में पार्किंग शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की गई है, इसे पुराने दरों पर ही चालू रखा गया है. इस एंट्री पर प्रतिदिन लगभग 40 से 50 हजार यात्रियों का आवागमन होता है.

**ऑटो और टैक्सी की भीड़ से मिलेगी राहत**-इस सुविधा के शुरू होने से ऑटो और टैक्सी की भीड़ से यात्रियों को राहत मिलेगी. यात्रियों द्वारा ऑटो और टैक्सी की भीड़ को लेकर की गई शिकायतों के मद्देनजर यह व्यवस्था की गई है. अब यात्रियों को स्टेशन के बाहर ऑटो या टैक्सी के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा. गौरतलब है कि इससे पहले प्लेटफॉर्म छह की ओर इंटीग्रेटेड पार्किंग शुरू की जा चुकी थी और अब प्लेटफार्म एक की ओर इस सुविधा के प्रारंभ होने से भोपाल और रानी कमलापति स्टेशन पूरी तरह इंटीग्रेटेड पार्किंग सुविधा से युक्त हो गए हैं.

## न्यूज़ ट्रैक

### पांच साल की बच्ची से कुरकुरे दिलाने के बहाने हैवानियत, रेप केस में जेल से छूटा था आरोपी

मध्य प्रदेश में मासूमों से अत्याचार के मामले थम नहीं रहे हैं. हरदा में पांच साल की बच्ची से दरिंदगी की घटना हुई है. घिनौनी वारदात को अंजाम आदतन बदमाश ने दिया. मामला छीपाबड़ थाना क्षेत्र का है.सोमवार की शाम रेप केस में जेल से बाहर आए आरोपी ने बच्ची को कुरकुरे दिलाने का लालच दिया. बच्ची ने आरोपी की बात का विश्वास कर लिया. आरोपी ने पांच साल की बच्ची का अपहरण कर नदी किनारे घटना को अंजाम दिया.राह चलते लोगों ने बच्ची को नदी किनारे रोते हुए देखा. पुलिस घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची. मासूम को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराली ले जाया गया. मेडिकल जांच में बच्ची से रेप की पुष्टि हुई. मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी पर लोगों का गुस्सा भड़क उठा. रात में लोगों ने सरकारी अस्पताल का घेराव कर दिया. प्रदर्शनकारी आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे. मौके पर पहुंची पुलिस से लोगों की नोकझोंक भी हुई. पुलिस प्रदर्शनकारियों को समझाने बुझाने में लगी रही.प्रदर्शनकारी बच्ची को इंसाफ दिये जाने की मांग पर अड़े रहे. आखिरकार मांग के आगे पुलिस को झुकना पड़ा. आरोपी युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट का मामला दर्ज किया गया. हालांकि आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है.बताया जा रहा है कि आरोपी खंडवा जिले का रहने वाला है. रेप मामले में आरोपी सलाखों के पीछे था. जेल से बाहर आकर एक बार फिर रेप की वारदात को अंजाम दिया. मंगलवार की सुबह भी लोगों ने घटना का विरोध किया. पुलिस का कहना है कि आरोपी जल्द सलाखों के पीछे होगा. आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम एक्शन मोड में है. लोगों की मांग है कि आदतन बदमाश को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए.

### नीमच बैंक लूट मामले में आरोपी को पकड़ने वेश बदलकर पहुंची पुलिस, दरवाजे पर भिड़ गई मां



नीमच के चीताखेड़ा में हुई बैंक डकैती की वारदात की जांच जारी है. इस बीच संदिग्ध बदमाश को पकड़ने के दौरान नीमच और निंबाहेड़ा पुलिस की कार्रवाई का सीसीटीवी वायरल हो गया. आरोप लग रहे हैं कि पुलिस ने बदमाश को पकड़ने के लिए महिलाओं के साथ अभद्रता की. इस पूरे मामले को लेकर अधिकारियों ने सफाई भी दी है.नीमच जिले की जीरन थाना क्षेत्र के के चीताखेड़ा में दिन में ग्रामीण बैंक में दो अज्ञात लुटेरों ने फायरिंग कर रुपये लूट लिए थे. इसके बाद से आरोपियों की तलाश करने के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया ने बताया कि पुलिस टीम को विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुई थी कि सोनू उर्फ कलर उर्फ कालू पिता भंवर लाल 30 साल निवासी बिसलवास कला, नीमच सम्मिलित हो सकता है.

**चल रहा है फरार**-नवल सिंह सिसोदिया ने आगे कहा कि राजस्थान में उसके नाम दर्जनभर से अधिक हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, झगड़, डकैती, उद्यापन्न, और फिरौती मांगने के प्रकरणों में मामला दर्ज है. वह राजस्थान के 10 से अधिक थानों में फरार चल रहा है. इसकी गिरफ्तारी के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा नीमच पुलिस को 02 स्थायी वारंट एवं 01 गिरफ्तारी वारंट तामिली हेतु प्राप्त हुए. उन्होंने कहा कि इसी बीच सोनू उर्फ कलर उर्फ कालू की उसके घर पर होने की सूचना मिली. निम्बाहे?ा पुलिस और नीमच पुलिस के सहयोग से सोनू उर्फ कलर को उसके घर से पकड़ा गया. उससे थाना जीरन के बैंक डकैती अपराध के संबंध में पूछताछ की गई.

**वेश बदल कर पहुंची थी पुलिस**-राजस्थान और नीमच पुलिस वेश बदलकर मौके पर पहुंची थी. पुलिस की पूरी कार्रवाई का सीसीटीवी वीडियो वायरल हो रहा है. इस वीडियो में पुलिसकर्मी दरवाजा खुलवा कर सोनू की मां को खींचकर बाहर लाते हैं. इसके बाद सोनू को पकड़ कर पुलिस वाहन में बैठाकर ले जाते हैं. पूरे मामले में पुलिस पर महिला के साथ अभद्रता करने का आरोप लग रहा है.

**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने दी सफाई**-नीमच की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया ने बताया कि सोनू को पकड़ने के लिए वेश बदलकर पुलिसकर्मी पहुंचे थे. इसमें मध्य प्रदेश और राजस्थान दोनों प्रदेश की पुलिस शामिल थी. सोनू कलर काफी शातिर बदमाश है इसलिए जाल बिछाकर उसे पकड़ा गया. इस दौरान महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार का अभद्र व्यवहार नहीं किया गया.

## तुम्हारे घर में भी पहुंचेगा मछली का तेल, रील्स चलाने से..., तिरुपति मंदिर प्रसाद विवाद पर बोले धीरेंद्र शास्त्री



तिरुपति बालाजी मंदिर में बांटे जाने वाले प्रसाद को बनाने में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल के इस्तेमाल पर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एक बार फिर सोते हुए सनातन प्रेमियों को जागने का आह्वान किया है.पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यदि धर्म विरोधियों के खिलाफ आज आवाज नहीं उठाई गई तो आने वाले समय में आप सबके घरों में मछली का तेल परोसने से कोई नहीं रोक पाएगा. उन्होंने कहा कि जिन हिंदुओं ने तिरुपति बालाजी का प्रसाद लिया है, वह 9 दिन का प्रायश्चित करें ताकि शुद्धिकरण की प्रक्रिया हो सके.पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यदि कल अपने घर में जानवरों की चर्बी और मछली का तेल पहुंचने से खुद को बचाना है तो रील चलाने और वीडियो बनाने से बाहर आना पड़ेगा. जब हम घर से बाहर निकल कर सनातन धर्म के खिलाफ चलाए जा रहे षड्यंत्र और प्रपंच का डटकर मुकाबला नहीं करेंगे तब तक हम धर्म विरोधियों के षड्यंत्र का शिकार होते रहेंगे.उन्होंने कहा कि आज देश धर्म विरोधियों और राष्ट विरोधी ताकतों से जूझ रहा है. हम सबको एकजुट होकर ऐसी को मुंहतोड़ जवाब देना है. उन्होंने कहा कि हिंदुओं के खिलाफ एक संयोजित षड्यंत्र चल रहा है. धर्म विरोधी ताकत से लोगों का धर्म भ्रष्ट करने में लगी है लेकिन ऐसी ताक्तों को हम सब मिलकर कामयाब नहीं होने देंगे. जिन लोगों ने तिरुपति का प्रसाद लिया है वह नौ दिनों तक प्रायश्चित करें तो बेहतर होगा ताकि उनका भाव पवित्र हो सके.

## उमा भारती ने वन नेशन वन इलेक्शन पर दिया बयान, बताई देरी की वजह

मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय, पंचायत चुनाव होते-होते और आचार संहिता को चलते चलते दो-तीन साल निकल जाते हैं, जिससे विकास की प्रक्रिया बार-बार अवरुद्ध होती है.वन नेशन वन इलेक्शन पर मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा, ÷मैं अभी हिमालय में उत्तराखंड के उत्तरकाशी में हूं, जहां पर टीवी की सुविधा नहीं है इसलिए समाचार देरी से मिला है.÷ उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसन्नता जाहिर की है. उमा भारती ने कहा कि मोदी सरकार ने वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव पारित किया है. इसके लिए सरकार का अभिनंदन है. उमा भारती ने आगे कहा, ÷स्थानीय निकाय से लोकसभा चुनाव तक आचार संहिता की वजह से बार-बार विकास के कार्य अवरुद्ध होते थे.÷ इसी के साथ उन्होंने देश के सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर इस निर्णय का स्वागत करने की अपील भी की है.उमा भारती ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया है कि वे उत्तरकाशी में हैं और कैलाश गमन कर चुकी है. उन्होंने यह भी कहा कि सुभद्रा माता की इच्छा थी कि वे एक महीने के लिए यहां प्रवास करें. उमा भारती काफी दिनों से सोशल मीडिया पर भी एक्टिव नहीं हैं. उन्होंने आज बात का जिक्र किया है कि वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव पारित होने की जानकारी उन्हें अब मिली है.



## मध्य प्रदेश में बीते 24 घंटे में गैंगरेप की तीन वारदातें! जबलपुर, रीवा और सतना में हैवानियत

मध्य प्रदेश में बीते एक दिन में तीन दिल दहला देने वाले ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनसे राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगा है. प्रदेश के जबलपुर, रीवा और सतना जिले से हैवानियत की तीन वारदातें दर्ज की गई हैं, जिन्होंने लोगों के दिल को झकझोर कर रख दिया है. मध्य प्रदेश का पहला मामला जबलपुर से आया जहां 17 साल की लड़की को बंधक बनाकर उसके साथ हैवानियत की गई. रेप का एक आरोपी लड़की का दोस्त ही था. उसने अपने तीन और दोस्तों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया. आरोपी आर्यन यादव, निहाल लोढहे, अंशुल मेहता और आशीष को जेल भेज दिया गया है.



**रीवा में बदला लेने के लिए गैंगरेप**-दूसरा मामला रीवा से सामने आया जहां कॉलेज छात्रा से बदला लेने लिए आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसका रेप किया. छात्रा को झाड़ियों के पीछे घसीट कर किशन कोल और संतलाल ने उसके साथ दरिंदगी की.

**मैहर में ढाबे में गैंगरेप**-वहीं, धार्मिक नगरी मैहर में एक लड़की से गैंगरेप का मामला सामने आया है, जहां चार लड़कों ने मिल कर पीड़िता से रेप की वारदात को अंजाम दिया. पीड़ित लड़की को एक ढाबे पर ले जाकर गैंगरेप किया. लड़की रविवार से लापता थी. आरोपियों ने रेप के लिए जब लड़की को ट्रक ड्राइवर को सौंपा तो वह कूद कर ढाबे के बाथरूम में भाग गई. इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें से एक आरोपी उत्तर प्रदेश का है. गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में लगातार छेड़छाड़ और रेप के मामले बढ़ते जा रहे हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

## गरबा महोत्सव में..., लव जिहाद का जिक्र कर बीजेपी नेता ने की ये मांग

जल्द ही नवरात्रि पर्व की शुरुआत होने वाली है और मध्य प्रदेश में भी गरबा और डांडिया रास की धूम होगी. 9 दिन के लिए प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक रूप से गरबा संध्या होगी, जिसमें लोग एक दूसरे के साथ डांडिया करते और खुशियां मनाते देखेंगे. इस बीच मध्य प्रदेश की पूर्व मंत्री उषा ठाकुर का बड़ा बयान आया है. उन्होंने मोहन यादव सरकार से मांग की है कि गरबा महोत्सव में बिना पहचान पत्र के लोगों को एंट्री न दी जाए.पूर्व मंत्री उषा ठाकुर ने अपनी मांग में कहा है कि लव जिहाद को बढ़ावा न दें. गरबे में बिना पहचान पत्र के लोगों को प्रवेश न करने दिया जाए. वहीं, उन्होंने लोगों से कहा है, ÷पहचान छुपाकर गरबे में न आएं. अपनी पहचान के साथ आइए और परिवार वालों के साथ आइए, कोई आपत्ति नहीं है. हालांकि, अपनी पहचान छुपाकर आप लव जिहाद को बढ़ावा नहीं दे सकते.÷उषा ठाकुर ने कहा कि वह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलेंगी और इस बारे में चर्चा करेंगी कि महोत्सव में शामिल होने वाले लोगों के पास वोटर आईडी कार्ड जरूर हो. उन्होंने कहा कि शिवराज सिंह चौहान की पूर्व सरकार में गरबे में वोटर आईडी ले जाना जरूरी था.

## कांग्रेस के कटाक्ष पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने तोड़ी चुप्पी




हरदा के पूर्व विधायक और पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के सांसद प्रतिनिधि बनने के बाद कांग्रेस नेताओं ने उन पर निशाना साधना शुरू कर दिया था. अब कमल पटेल ने भी चुप्पी तोड़ी है. उन्होंने कहा है कि हम तो संगठन के निर्देश अनुसार कार्यक्रमों में दरी तक बिछाते हैं. उन्होंने कहा कि संगठन जो भी जिम्मेदारी देगा उसका निर्वहन करना पहली प्राथमिकता रहेगी.मोदी सरकार में मंत्री और बैतूल के सांसद दुर्गादास उईके ने मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व कृषि मंत्री और हरदा के पूर्व विधायक कमल पटेल को अपना प्रतिनिधि बनाया है. केंद्रीय मंत्री ने सांसद प्रतिनिधि बनाने के साथ ही उन्होंने कहा है कि कमल पटेल हरदा जिले के सांसद हैं.सांसद प्रतिनिधि बनने के बाद कांग्रेस उन पर जमकर निशाना साध रही है. पटेल को चुनाव हारने वाले कांग्रेस विधायक रामकिशन दौगने तो यहां तक कहा कि कमल पटेल का सांसद प्रतिनिधि बनना एमए पास करने वाले विद्यार्थी को कक्षा आठवीं में दाखिला करवाने जैसा है. कांग्रेस विधायक ने कहा कि कमल पटेल पहले मुख्यमंत्री बनने का दावा कर रहे थे और अब सांसद प्रतिनिधि पद से ही संतोष कर रहे हैं.

**कमल पटेल ने कांग्रेस को दिया जवाब**-इस मामले में अब कमल पटेल ने चुप्पी तोड़ दी है. उन्होंने एबीपी न्यूज़ से बातचीत के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सभी पद पर जिम्मेदारी मिलती है. उन्होंने कहा कि जब कार्यक्रम होते हैं तो उन्हें दरी भी बिछाना पड़ती है. जब मंत्री थे तब भी छोटे से कार्यकर्ता के रूप में ही काम कर रहे थे और आज सांसद प्रतिनिधि बनकर भी वे पहले जैसा ही कार्य कर रहे हैं.

**बीजेपी के मजबूत नेता माने जाते हैं पटेल**-कमल पटेल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कई दायित्व पर रहते हुए छात्र राजनीति से अपने जीवन की शुरुआत कर चुके हैं. इसके बाद वे भारतीय जनता युवा मोर्चा में प्रदेश अध्यक्ष रहे. वे सरकार चिकित्सा शिक्षा, राजस्व और कृषि मंत्री रह चुके हैं.

# किसी भी गुण्डे मबाली बदमाश को बक्सा नही जायेगा चप्पे चप्पे पर रहेगी मुरैना पुलिस की नजर...एसपी समीर सौरव मुरैना



केशब पंडित जी अम्बाह...??

मुरैना... जिले में लगातार पुलिस एक्सन मोड में दिख रही है एसपी समीर सौरव का साफ कहना है कि जिले में कोई कितना बडा आदमी क्यो न हो गुण्डा बदमाश है तो पुलिसिया कारबाही से बक्सा नही जा सकता थाना नगरा क्षेत्रातंर्गत दिनांक 23.09.2024 के समय करीबन 18.00 बजे नाबालिग बालिका के साथ बलात्कार की घटना पर से मुरैना पुलिस द्वारा तत्काल घटना के संबंध में विधिसम्मत धाराओं के साथ-साथ पॉस्को एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। 2. पुलिस अधीक्षक समीर सौरव ने घटना की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुये घटना की सूचना प्राप्त होने के तत्काल बाद ही आरोपी की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु पाँच पुलिस टीमें बनाई जाकर आरोपी को दिनांक 24.09. 2024 की सुबह 05 बजे गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पीड़िता नाबालिग बालिका वर्तमान में जिला चिकित्सालय मुरैना में आई.सी.यू. में उपचाररत् है, जिसकी स्थिति स्थिर है। पीड़िता एवं पीड़िता के परिवारजनों से जिला प्रशासन लगातार सम्पर्क बनाए हुये है।

# संदिग्ध अवस्था में मिला अधेड़ का शव,घर में मचा कोहराम



महराजगंज- जिले के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़हरा बरईपार मार्ग पर स्थित देशी व विदेशी शराब की दुकान के पास सोमवार को सुबह एक लगभग 50 वर्षीय अधे? का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान श्यामदेउरवा निवासी बेचू प्रसाद के रूप में हुई। मृतक के भाई राम सजन प्रसाद ने बताया कि बेचू दो दिनों से लापता था। परिजन उसकी तलाश कर रहे थी कि आज सुबह बड़हरा बरईपार मार्ग पर स्थित शराब की दुकान के पास बेचू प्रसाद का शव मिलने की खबर मिली।खबर मिलते ही मौके पर पहुंची श्यामदेरउवा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम ले लिए जिला अस्पताल भेजा,बेचू प्रसाद का शव देखते ही उनके पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों ने किसी भी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# दतिया पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण/संतुष्टिपूर्ण निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए।



संदीप प्रधान उप संपादक पुष्पांजलि टुडे

आम जनता की शिकायतों एंव समस्याओ के त्वरित निराकरण हेतु जनसुनवाई श्री वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, जिला दतिया द्वारा आयोजित की गई।जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया।जनसुनवाई के दौरान निरीक्षक रामराजा तिवारी उपस्थित रहे।

## डबल इंजन सरकार से दोगुनी गति से बड़ रहा है राजस्थानः सांसद चौधरी

# *पाली लोकसभा में ग्रामीण व ओडीआर से एमडीआर में बदली 70 से अधिक सड़कें, नवीनीकरण से बड़ेगी सड़कों की गुणवत्ता, हाइवे से मिलेगी कनेक्टिविटी

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

जोधपुर। पाली लोकसभा में ग्रामीण इलाकों में 70 से अधिक सड़कों को एमडीआर (प्रमुख जिला सड़क) में अपग्रेड किया गया है। राज्य सरकार ने पाली सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी सहित विधायकों की मांग पर ग्रामीण इलाके कि अधिक यातायात वाली और हाइवे से सीधे जुड़ी सड़कों को एमडीआर में क्रमोन्नत किया है। अब इनके रिनोववेशन को गति मिलेगी। घोषणा पर संसदीय क्षेत्र के ग्रामीणों ने सांसद चौधरी व राजस्थान सरकार के प्रति अपना आभार जताया। सांसद चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन सरकार से अब हमारा राजस्थान विकास के पथ पर दोगुनी गति से आगे बड़ना आरंभ हो गया है। हर विकास कार्य अब गति पकड़ रहा है। ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर बड़ते यातायात और गुणवत्ता को लेकर हमारी राज्य सरकार ने पाली लोकसभा की 70 से अधिक सड़कों को एमडीआर में अपग्रेड किया है। अभी तक इन सड़कों का लेवल नीचे होने से इनके नवीनीकरण सहित अन्य कामों में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। सांसद चौधरी ने कहा कि अपग्रेड होने के बाद इनके रिनोवेशन सहित अन्य कामों के लिए पर्याप्त बजट केन्द्र एवं राज्य सरकार से उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही सड़क की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाएगा। इनमें पाली जिले एवं जोधपुर जिले की सड़कें शामिल है। सांसद चौधरी को अपने जन सुनवाई कार्यक्रमों में क्षेत्रवासियों सहित जनप्रतिनिधियों से सड़कों की वस्तु स्थिति से जानकारी मिलती रहती थी। ये सड़कें हुई अपग्रेड- सांसद चौधरी ने बताया कि पाली जिले से जुड़ी मारवाड़ जंक्शन वाया बाड़सा, सुगालिया, धामली, भीमालिया, निम्बाड़ा, सोमेसर, ईटन्दरा, मेड़तिया जवाली, नादाना भाटन् होते हुए रानी रोड़ तक 60 किमी को एमडीआर-373, स्टेट हाइवे-67 से जुड़ी सोमेसर वाया घेनड़ी, सिवास, खिंवाड़ा, पनोता रोड होते स्टेट हाईवे 62 रानी रोड़ तक 31.6 किमी को एमडीआर-374, फलाना से सुमेरपुर तक 24 किमी को एमडीआर-375, सुमेर वाया तखतगढ़, कोसेलाव, बिरामी से होते हुए रानी तक 54 किमी को एमडीआर-376, जेतपुरा वाया खौंड, जवाली से होते हुए नाडोल रोड़ तक 55 किमी को एक्टेंशन एमडीआर-40, रामासिया वाया गरवलिया, मणिहारी, भांवरी, वायद, चेण्डा से होते हुए माण्डावास तक 55 किमी को एमडीआर-385 व पाली (मण्डली) से डेण्डा, कूरना, गिरवर से चाणोद रोड तक 29 किमी को एमडीआर-386 में अपग्रेड किया गया है। वहीं जोधपुर जिले में औसियां विधानसभा क्षेत्र की तीन प्रमुख सड़क मार्ग को एमडीआर में अपग्रेड किया गया है। इसमें नादेलाव की हवेली वाया मालूंगा, डिगाड़ी, गगाड़ी, गागरिया, पांचला होते हुए चेराई, सामराउ तक 92 किमी को एमडीआर-382, रूपावतों का बेरा वाया बींजवाड़िया, मथानिया, भैंसेर, मांडियाई होते हुए खेतासर, खाबड़ा, डाबड़ी तक 75 किमी को एमडीआर-383 तथा तिंवरी से सोयला रोड़ वाया माण्डियाई-औसियां-बाड़ा कलां-नांदिया खुर्द होते हुए धन्नारी कलां तक 72 किमी को एमडीआर 384 में क्रमोन्नत किया गया है। सांसद चौधरी ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी के प्रति अपना आभार जताया।

# स्वास्थ्य विभाग में विधायक प्रतिनिधि बने अतुल तिवारी

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । मध्यप्रदेश विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष एवं अटेर विधायक हेमन्त कटारे ने अतुल तिवारी ग्राम - मिहोनी को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है,उपनेता प्रतिपक्ष एवं अटेर विधायक हेमन्त कटारे ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर उनके मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर योगेश कटारे,हेमन्त कटारे, अरविंद बघेल,राजा सिंह,राजेश दुबे,बड़े पुरोहित,सोमराज नरवरिया, थान सिंह यादव,चतुर सिंह नरवरिया, मुकेश शर्मा,दीपू दुबे,विजय शर्मा,मनीष पार्षद सहित तमाम लोगों ने बधाई दी।

# दबोह भाजपा कार्यकर्ताओं ने महा सदस्यता अभियान में झोंकी ताकत





अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह- भारतीय जनता पार्टी के महा सदस्यता अभियान में दबोह मंडल के कार्यकर्ताओं ने अब अपनी पूरी ताकत लगा दी है।लहार विधान सभा क्षेत्र में दबोह मंडल को सबसे अधिक सदस्यों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने के लिए दबोह मंडल के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरे जोर शोर से अपने सभी 9 शक्ति केंद्रों प्रभारी बार्ड प्रभारी,पन्ना प्रमुख्य ने नगर के प्रत्येक बार्डो के घर घर जा कर सदस्य बना रहे है।जिसके लिए भारतीय जनता कार्यकर्ता सुबह से निकल कर देर रात्रि तक अपने कार्य को अंजाम दे रहे है।एक अनुमान से दबोह मंडल का लक्ष्य तो पूरा हो गया है पर दबोह मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल को विधान सभा मे भी सबसे अव्वल रखने का बीड़ा उठाया है। इसी क्रम में देवरी शक्ति केंद्र पर प्रभारी शिवराज यादब और सह प्रभारी भरते दीक्षित,भगवती दुवे व मुरावली में मण्डल महामंत्री राव साहब गुर्जर,केशव गुप्ता,शिवनारायण दुबे ने आज करीब आधा सैकड़ा लोगो को भाजपा की सदस्यता से जोड़ा।वही नगर के कोच रोड यूको बैक के पास दबोह मंडल प्रभारी अंजनी कुरचानिया,राजेंद्र गुर्जर,शिवकुमार गोस्वामी,पार्षद लालता कुशबाह,अनुरूद्ध मुदगल,पवन मुद्गल,शरद खेमरिया ने एक स्टॉल लगा कर व्यक्तियों को सदस्यता से जोड़ने का काम किया तो नगर के विभिन्न बार्डो में नगर भाजपा नेता परमाल गुर्जर,महामंत्री रविंद्र चिकवा,पूर्व महामंत्री राम मोहन मुद्गल,अर्पित गुप्ता,धर्मेंद्र चतुर्वेदी, मुन्ना यादव,राजा यादव,कुलदीप यादव ने नगर की अलग अलग बार्डो में जा कर लोगो को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता देकर भाजपा से जोड़ा गया है।

# स्वास्थ्य शिविर एवं रैली के माध्यम से hiv/sti पर किया जागरूक-

पत्रकार हरिओम परिहार




आज दिनाँक 24/9/2024 को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सघन जागरूकता के क्रम में लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना संकल्प समाजसेवी संस्था द्वारा किया गया जो ग्राम इंदार सरपंच श्री रामसेवक परिहार जी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत भवन पर किया गया गया जिसमें लगभग 350 लोगों की उपस्थिति रही इसके वाद रैली का आयोजन पूरे गॉव में किया गया जिसके दौरान नारे लगबाये ओर 2000 लोगो को संदेश दिया कार्यक्रम का संचालन परियोजना प्रवन्धक भगवत सिंह बघेल स्वास्थ्य जांच एवं उपचार डॉ योगेश मिश्रा तथा कॉउन्सलिंग सुनीता कुशवाह टेस्टिंग कार्य दीपक जाटव जी द्वारा की गई कार्यक्रम में विशेष सहयोग समस्त आशाकार्यकर्ता,आंगनबा?ी कार्यकर्ता सहायिका,पंचों का रहा

# खरगोन पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करने वाले के विरुद्ध की गई बड़ी कार्यवाही

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

### 01 आरोपी अवैध शराब का परिवहन करते गिरफ्तार

### कुल जप्तशुदा शराब की कीमत लगभग 76,500/- रूपये

अवैध शराब का परिवहन मे उपयोग की गई स्विफ्ट डिजायर कार क्र. GJ-01-HR-1498 किमती लगभग 3 लाख रूपये की पुलिस ने की जप्त

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग तथा पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा शासन स्तर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान में अवैध शराब तस्करी एवं परिवहन एवं विक्रय करने वालों पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनोहरसिंह बारीया ने जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे थाना मंडलेश्वर पर अवैध शराब का परिवहन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण - दिनांक 23.09.2024 को थाना मंडलेश्वर पर मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि, सोनिया नगर नाले के पास मण्डलेश्वर में कसरावद तरफ से एक स्विफ्ट**




**डिजायर कार R¤. GJ-01-HR-1498 में अवैध शराब भरकर आने वाली है । उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते थाना प्रभारी मंडलेश्वर उनि श्री दीपक यादव के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया व मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना किया गया । पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए अनुसार स्विफ्ट डिजायर कार क्र. ल्ह्ल-01- ॥क्र-1498 की तलाश की गई, जिसमे पुलिस टीम को मुखबीर के बताए अनुसार उक्त कार सोनिया नगर नाले के पास खड़ी दिखाई दी । कार मे बैठा व्यक्ति पुलिस टीम को देख कर झाड़ियों व अंधेरे का फाइदा उठा कर मौके से भाग गया । पुलिस टीम ने स्विफ्ट डिजायर कार R¤. GJ-01-HR-1498 को चेक किया जिसमे टीम को कुल 18 पेटी अवैध शराब की मिली व कार मे बैठे व्यक्ति का मोबाईल फोन भी मिला जिसे पुलिस टीम ने विधिवत जप्त किया है । पुलिस टीम के द्वारा थाना मंडलेश्वर अपराध क्रमांक 308/24 धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया कुल जप्तशुदा मशुरुका**

1.कुल 18 पेटी (162 लीटर) देशी अवैध शराब कीमत लगभग 76,500/- रूपये

2.अवैध शराब के परिवहन में उपयोग की जाने वाली 01 स्विफ्ट डिजायर कार क्र. GJ-®v-HR-1498 किमती लगभग 3,00,000/- रुपये

301 VIVO कम्पनी 40 का किमती 25,000/- रूपये

### पुलिस टीम

उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग खरगोन श्री मनोहर सिंह गवली के नेतृत्व में मार्गदर्शन मे व थाना प्रभारी मंडलेश्वर उनि दिपक यादव के नेतृत्व मे सउनि मुकेश यादव, सउनि कैलाश पाटीदार, सउनि सुभाषचंद लोहानी, आर 350 अनुराग तोमर, आर 945 धर्मेन्द्र, आर.372 भगवान, आर.554 विजय की टीम का विशेष योगदान रहा ।

## कलेक्टर श्री सिंह ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

छिन्दवाड़ा/ / कलेक्टर श्री शीले-?द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार विस्तृत चर्चा करते हुए समय सीमा में लंबित मामलों पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों का विश्लेषण किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने इन सभी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया ताकि समय सीमा के भीतर सभी शिकायतों और मामलों का निपटारा हो सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी संबंधित विभाग समय-सीमा में अपेक्षित कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व महाअभियान की समाप्ति के बाद भी ई-केवाईसी और नक्शा तरमीम के कार्यों को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन कार्यों में कोई कमी न आए और इसे पूर्व की गति से जारी रखा जाए। इसके साथ ही प्रतिदिन इस कार्य की रिपोर्ट कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है जिससे किसी भी देरी या लापरवाही की जानकारी समय पर मिल सके और त्वरित समाधान हो सके।अवैध कॉलोनियों की रजिस्ट्रियों पर रोक- बैठक के दौरान अवैध कॉलोनियों का मुद्दा भी उठाया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि जिन कॉलोनियों को अवैध घोषित किया जा चुका है, वहां अब किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री न हो। इसके लिए उन्होंने रजिस्ट्री विभाग को सख्त निर्देश जारी किए हैं कि इन कॉलोनियों में किसी भी प्रकार की संपत्ति की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# खरगोन के थाना बलकवाड़ा क्षेत्र के मुकुंदपुरा गाँव में रात्रि में भटके रहे 95 वर्षीय बुज़ुर्ग व्यक्ति को डायल-100 ने घर पहुंचाया



खरगोन जिले से मुन्ना खान ब

यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

दिनाँक 23-09-2024 को रात्रि मे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में सूचना प्राप्त हुई कि, खरगोन के थाना बलकवाड़ा क्षेत्र के मुकुंदपुरा गाँव में राम मंदिर के पास एक वृद्ध व्यक्ति मिले है, जो अपने घर का रास्ता भटक गये है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बलकवाड़ा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक राहुल सिंह चौहान पायलेट संतोष आड़तिया ने मौके पर पहुँचकर 95 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति से पुछताछ की, बुजुर्ग व्यक्ति ने बताया की वह ठीकरी जिला बड़वानी में रहते है। डायल-112/100 स्टाफ एफ आर व्ही वाहन से देव राम राठोर निवासी ठीकरी को अपने साथ लेकर ठीकरी थाना पहुँचे एवं थाने से तसदीक कर व्यक्ति के परिजन के बारे में जानकारी प्राप्त कर बुजुर्ग व्यक्ति को परिजन से मिलाया गया। परिजन द्वारा डायल-112/100 सेवा का आभार व्यक्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुजुर्ग व्यक्ति घर से निकल कर घर से दूर पहुँच गये थे।

# खरगोन जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की चेतावनी

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे



मौसम विभाग द्वारा 25 सितंबर की प्रातः 8:30 बजे तक अलीराजपुर, धार एवं खरगोन जिले के कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। इन जिलों के कुछ स्थानों पर 25 सितंबर की प्रातः 8:30 बजे तक 115 से 204 मिली मीटर वर्षा होने की संभावना बताई गई है। जिले की जनता से अपील की गई है कि नदी नालों के पुल-पुलियों एवं रपटों पर पानी होने पर उसे पार ना करें।

# चंबल अंचल को किया कलंकितआरोपी को फांसी हो परिजन नाबालिग स्कूली बच्ची से दरिंदगी का मामला

मुरैना/ पोरसा

जितेंद्र त्यागी/भीमसेन सिंह तोमर ।






मुरैना जिले के पोरसा तहसील अंतर्गत नगरा थाने के अंतर्गत आने वाले ,कीचोल ग्राम पंचायत के अंतर्गत गांव झोंडरी का पुरा में रविवार को शाम पांच बजे के लगभग हुई एक दुखद व हृदय विदारक घटना जिसमें एक 8,9 साल की नाबालिक बालिका के साथ पडोसी गांव घमंडी की खोड निवासी आरोपी उदय गुर्जर पुत्र साहब सिंह गुर्जर ने दुष्कर्म कर मौके से फरार हुआ, जानकारी के लिए हम आपको बता दें नगराथाना अंतर्गत एक नाबालिक लड़की उम्र लगभग 8,9 वर्ष रानी (परिवर्तित नाम ) बकरी चराने घर से निकली थी तभी आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर आरोपी उदय सिंह आयु लगभग 35, 36 वर्ष के द्वारा बलात्कार किया गया , आपको बता दें बच्ची चार पांच बजे के समय अपने घर के पीछे बकरियां चल रही थी तभी मौके का फायदा उठाकर आरोपी ने बच्ची को उठाकर एक झाड़ी के पीछे ले जाकर दुष्कर्म किया, घटना की जानकारी लगते ही तुरंत मामला पुलिस ने लेते हुए कार्यवाही की बच्ची को गंभीर व अति रक्तस्राव के चलते पोरसा अस्पताल लाया गया, बच्ची को गंभीर हालत के चलते मुरैना भेजा गया जहां पर लड़की अभी भी जीवन के लिए संघर्ष कर रही है वही इस विषय पर अंचल सहित परिजनों ने फांसी की मांग की है । कहना है की बेटी के साथ बलात्कार में फांसी से कम कुछ भी न्याय मंजूर नहीं होगा वहीं इसके द्वारा हमारे चंबलांचल को कलंकित किया गया है ऐसी न्याय की मिसाल पेश की जानी चाहिए जिससे कोई भी आगे इस तरह के कुकृत्य करने से पहले 100 बार उसे पर विचार करें और फांसी से डरे?।

वही पुलिस ने सारी रात छानबीन करके आरोपी को सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है।नगरा थाना प्रभारी से संपर्क करने पर उन्होने एसडीओपी अंबाह से संपर्क करने के लिए कहा जबकि अंबाह एसडीओपी ने फोन रिसीव नहीं किया, चूंकि कार्यवाही रातभर चली और आरोपी को सुबह गिरफ्तार कर लिया गया इसमें पुलिस का कार्य सराहनीय रहा,लेकिन एक बच्ची के साथ इस दरिंदगी का दोषी सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं, अशिक्षा,गरीबी भी बड़ा कारण है ,प्रश्न उठता है उठता रहेगा ,कैसे हम विकसित बनेंगे जबकि आज का भारत जो गांवो में बसता है खुद अपने देश से भी कई साल पीछे चल रहा है।

अपनी बात

संपादकीय

# क्वॉड का सख्त पैगाम

**बाइडेन ने अपना चीन विरोधी रुख दो-टूक व्यक्त किया। कहा कि चीन हर मोर्चे पर "हमारा" इम्तिहान ले रहा है। चीन की चुनौती और इंडो-पैसिफिक में उसके बढ़ते कथित दबदबे से निपटना क्वॉड-2024 में मुख्य थीम बना रहा।**

वैसे तो अमेरिका के डेलवेयर में आयोजित क्वॉड्रैंगुलर सिक्युरिटी डायलॉग (क्वॉड) शिखर सम्मेलन की विदाई बैठक कहा गया था, लेकिन यहां इसके सदस्य देशों ने चीन के खिलाफ सख्त रुख अपनाया। इसे विदाई बैठक इसलिए कहा गया, क्योंकि यह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की इसमें आखिरी भागीदारी थी। अगले कुछ महीनों में दोनों अपने पद से रिटायर्ड हो जाएंगे। लेकिन जाते-जाते बाइडेन ने अपना चीन विरोधी रुख दो-टूक व्यक्त किया। कहा कि चीन हर मोर्चे पर "हमारा" इम्तिहान ले रहा है। चीन की चुनौती और इंडो-पैसिफिक में उसके बढ़ते कथित दबदबे से निपटना क्वॉड-2024 में मुख्य थीम बना रहा। जारी साझा बयान में कहा गया- ‡हम विवादित पक्षों के सैन्यीकरण और दक्षिणी चीन सागर में बलपूर्वक और धमकाने वाले पैतरों पर गंभीर चिंता जाहिर कर रहे हैं।‡ इसके बावजूद क्वॉड नेता चीन का सीधे नाम लेने से बचे।

यहां तक कि बाइडेन ने बैठक में जब कहा कि 'चीन लगातार आक्रामक बर्ताव कर रहा है और समूचे क्षेत्र में हमें जांच रहा है', तो बताया गया कि ये टिप्पणी सार्वजनिक तौर पर नहीं की जानी थी। लेकिन संभवतः बाइडेन का माइक्रोफोन गलती से ऑन रह जाने की वजह से यह सबको सुनाई दे गया। उधर प्रधानमंत्री मोदी ने यह जिक्र करना जरूरी समझा कि क्वॉड किसी देश विशेष के खिलाफ नहीं है। उन्होंने पहले की ही तरह क्वॉड को सकारात्मक एजेंडे से संचालित बताने की कोशिश की। वैसे मोदी ने कहा कि क्वॉड मुक्त और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का समर्थन करता है। उन्होंने कहा- मुक्त, खुला हुआ, समावेशी और संपन्न इंडो-पैसिफिक हमारी प्राथमिकता है। हम किसी के विरुद्ध नहीं हैं। हम सभी नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता के लिए सम्मान, भूभागीय अखंडता और सभी मसलों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं। बातों का मतलब साफ है। निशाना चीन ही है। तटरक्षकों के साझा अभ्यास पर सहमति भी चीन केंद्रित ही है। फिर भी चीन का सीधे नाम लेने में हिचक क्यों है, यह समझना रहस्य बना हुआ है। क्या यह भारत की ब्रिक्स और एससीओ जैसे मंचों पर भी उपस्थिति की सीमाओं के कारण है?

# शतरंज में शिखर पर

**शतरंज ओलम्पियाड में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में भारत ने स्वर्ण पदक जीत लिए. तो यह कोई संयोग नहीं है। बल्कि यह विश्व शतरंज में भारत की बनी ताकत का इजहार है।**

शतरंज ओलम्पियाड में रविवार को भारत कामयाबी की जिस ऊंचाई पर पहुंचा, उचित ही उसकी तुलना 1983 में क्रिकेट विश्व कप में भारत के चैंपियन होने और ओलंपिक्स में 2008 में अभिनव बिंद्रा के भारत की ओर से पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने से की गई है। इस सफलता के साथ भारत की जो अन्य अभिनव उपलब्धियां याद आती हैं, उनमें 2021 में एथलेटिक्स में नीरज चोपड़ा का भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतना और 2022 में बैडमिंटन में पहली भारत का थॉमस कप जीतना शामिल है। वैसे इस सफलता का जिस उपलब्धि से सीधा संबंध है, वह साल 2000 में विश्वनाथन आनंद का विश्व शतरंज विजेता होना है। सीधा संबंध इसलिए क्योंकि आनंद की कामयाबी तब से भारत के तमाम शतरंज खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है। उसके बाद शतरंज की ऐसी संस्कृति बनी और भारत में शतरंज प्रतिभाओं का ऐसा विस्फोट हुआ कि 2010 आते-आते देश के 23 खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर बन गए।

आज ये संख्या 80 से ज्यादा हो चुकी है। पांच खिलाड़ियों को 'सुपर ग्रैंड मास्टर' का दर्जा मिला हुआ है। 25 टॉप खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग में भारत के पांच खिलाड़ी हैं। भारत के डी गुकेश इस वर्ष विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए चैलेंजर का दर्जा हासिल कर चुके हैं। अगले नवंबर में वे मौजूदा चैंपियन चीनी खिलाड़ी के साथ खिताब के लिए मुकाबला करेंगे। कहने का तात्पर्य यह कि शतरंज ओलम्पियाड में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में भारत ने स्वर्ण पदक जीत लिए, तो यह कोई संयोग नहीं है। बल्कि यह विश्व शतरंज में भारत की बनी ताकत का इज़हार है। वैसे भी ऐसी सफलताओं के लिए यह अनिवार्य होता है कि संबंधित देश के पास खिलाड़ियों की लंबी कतार हो। देश के अंदर प्रतिस्पर्धा का ऊंचा स्तर खिलाड़ियों में वह आत्म-विश्वास और धार प्रदान करता है, जिससे विश्व स्तर पर वे अनुपम उपलब्धि हासिल कर सकें। ये बात भी पूरे भरोसे के साथ कही जा सकती है कि ताजा सफलता यहीं तक सीमित नहीं रहने वाली है। बल्कि आने वाले वर्षों में विश्व शतरंज में भारत का दबदबा एक आम कहानी बन सकती है।

# केजरीवाल क्यों आरएसएस से सवाल पूछ रहे?

विकास त्रिवेदी

*अरविंद केजरीवाल ने मोहन भागवत से पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को लेकर सवाल तब पूछा है जब संघ और बीजेपी के संबंधों में कड़वाहट की ख़बरें चल रही हैं। भागवत ने बीते दिनों ऐसे कई बयान दिए, जिसके बाद ये कहा गया कि भागवत पीएम मोदी को निशाने पर ले रहे हैं। हालांकि भागवत ने अपने बयानों में पीएम मोदी का नाम नहीं लिया था।*

दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने 22 सितंबर को जंतर-मंतर पर संघ प्रमुख मोहन भागवत से पाँच सवाल पूछे।दरअसल ये सवाल से ज़्यादा मोहन भागवत से पीएम मोदी के साथ गृह मंत्री अमित शाह की शिकायत थी।केजरीवाल ने अपने भाषण में कई बार भागवत का नाम लिया और बीजेपी-संघ के रिश्ते पर भी बात की। अरविंद केजरीवाल ने मोहन भागवत से पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को लेकर सवाल तब पूछा है जब संघ और बीजेपी के संबंधों में कड़वाहट की ख़बरें चल रही हैं। भागवत ने बीते दिनों ऐसे कई बयान दिए, जिसके बाद ये कहा गया कि भागवत पीएम मोदी को निशाने पर ले रहे हैं। हालांकि भागवत ने अपने बयानों में पीएम मोदी का नाम नहीं लिया था।

## भागवत से पूछे ये पाँच सवाल

जिस तरह से मोदी जी देशभर में लालच देकर ईडी और सीबीआई की धमकी देकर दूसरी पार्टी के नेताओं को तोड़ रहे हैं, ये भारत के लोकतंत्र के लिए सही है या हानिकारक है? जिन नेताओं को मोदी-शाह ने भ्रष्टाचारी कहा, उनको बीजेपी में शामिल कर लिया गया। क्या मोहन भागवत जी ने ऐसी राजनीति की कल्पना की थी?

बीजेपी आरएसएस की कोख से पैदा हुई थी तो यह देखना आरएसएस की ज़िम्मेदारी है कि बीजेपी पथभ्रष्ट ना हो। मोहन भागवत जी बताएं कि क्या आपने मोदी जो को



ये सब करने से रोका? जेपी नड्डा जी ने लोकसभा चुनाव के दौरान कहा कि बीजेपी को अब आरएसएस की ज़रूरत नहीं है। आरएसएस बीजेपी की मां समान है तो क्या बेटा इतना बड़ा हो गया है कि मां को आंख दिखाने लगा। जब नड्डा जी ने ये कहा तो आपके दिल पर क्या गुज़री? क्या आपको दुख नहीं हुआ? अमित शाह जी कह रहे हैं कि 75 साल में रिटायर होने वाला नियम नियम मोदी जी पर लागू नहीं होगा। मोहन भागवत जी से पूछना चाहता हूं कि जो नियम आडवाणी जी और अन्य कई नेताओं पर लागू हुआ वो मोदी जी पर लागू नहीं होगा? दिल्ली की सीएम कुर्सी छोड़ने के बाद अरविंद केजरीवाल ने अपने पहले 'जनता की अदालत' में संघ-बीजेपी को निशाने पर लिया।लेकिन अतीत में ऐसे कई मौक़े रहे हैं, जब केजरीवाल ने अपने बयानों से बीजेपी के सामने असमंजस की स्थिति पैदा कर दी थी। मई 2024 में जब केजरीवाल तिहाड़ जेल से कुछ दिनों के लिए ज़मानत पर बाहर आए थे तब भी अरविंद केजरीवाल ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी को लेकर दावा किया था।केजरीवाल ने कहा था कि चुनाव के दो महीने बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा।अपनी चुनावी रैलियों में केजरीवाल ने ये भी कहा था, "अगले साल पीएम मोदी 75 साल के हो रहे हैं।2014 में पीएम मोदी ने ख़ुद नियम बनाया था कि जो 75 साल का हो जाएगा, उसे रिटायर कर दिया जाएगा।"

केजरीवाल के इस बयान का तब ये असर हुआ था कि अमित शाह को 75 की उम्र में रिटायरमेंट वाली बात पर सफाई देनी पड़ी थी।शाह ने कहा था, "मोदी जी ही टर्म पूरा करेंगे और आगे देश का नेतृत्व करते रहेंगे।75 की उम्र में रिटायरमेंट वाली बात बीजेपी के संविधान में नहीं लिखी है।" पीएम मोदी ने भी एक चुनावी रैली में तब जनता को अपना वारिस बताया था।दरअसल 2014 के बाद से ऐसे कई नेता रहे, जिनकी उम्र जब 75 को पार हुई तो उन्हें किनारे कर दिया गया। इसमें लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे कुछ बड़े नाम भी शामिल हैं।विपक्ष का आरोप रहता है कि केंद्र की मोदी सरकार केंद्रीय एजेंसियों का ग़लत इस्तेमाल करके अपने विरोधियों को निशाना बना रही है। हालांकि बीजेपी ऐसे आरोपों से इनकार करती रही है।हाल ही में केजरीवाल को ज़मानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था सीबीआई को पिंजरे में बंद तोते की छवि तोड़नी चाहिए और उसे दिखाना चाहिए कि वह पिंजरे में बंद तोता नहीं है।

## केजरीवाल के सवाल के मायने

वरिष्ठ पत्रकार नीरजा चौधरी ने कहा, "जैसा कि केजरीवाल ने कहा है कि बच्चा भटकता है तो अभिभावक से सवाल पूछे जाने की ज़रूरत है। अगर इसके राजनीतिक मायने पूछे जाएं तो यही पांच सवाल हैं तो आरएसएस को भी परेशान कर रहे हैं। पार्टियों को तोड़ा जाना, अजित पवार जैसे नेताओं को लाने से संघ में नाराज़गी रही। महाराष्ट्र में इसे लेकर बहुत बवाल है। संघ ये मानता है कि इससे बीजेपी को फ़ायदा नहीं हुआ।"

मई 2024 में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'इंडियन एक्सप्रेस' को दिए इंटरव्यू में कहा था, ‡शुरू में हम अक्षम होंगे, थोड़ा कम होंगे। आरएसएस की ज़रूरत पड़ती थी। आज हम बढ़ गए हैं। सक्षम हैं तो बीजेपी अपने-आपको चलाती है। जानकारों का कहना है कि नड्डा के इस बयान से संघ में काफ़ी नाराज़गी देखने को मिली। नीरजा चौधरी कहती हैं, "अभी तक इस बयान को ख़ारिज नहीं किया गया है कि नड्डा ने कहा हो कि उनके बयान को ग़लत तरह से लिया गया। कोई सफ़ाई देने की कोशिश नहीं हुई। संघ में बीजेपी और मोदी के काम करने के तरीक़े को लेकर नाराज़गी है।"पंजाब यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान के प्रोफ़ेसर आशुतोष कुमार ने बीबीसी संवाददाता रजनीश कुमार से कहा, "आरएसएस का विरोध जिस तरह से राहुल गांधी करते हैं, वैसे अरविंद केजरीवाल नहीं करते हैं। केजरीवाल चाहते हैं कि आरएसएस बचा रहे और उसकी शुचिता से समझौता न हो। जिस तरह से अरविंद केजरीवाल शिकायत कर रहे थे, उससे तो यही लग रहा था कि वह बहुत चिंतित हैं और कह रहे हैं कि बीजेपी आपकी बात नहीं मान रही है तो मैं हूँ न।" वो बोले, "अरविंद केजरीवाल ने जानबूझकर ऐसा वक्त चुना है जब बीजेपी और संघ में अनबन की ख़बरें हैं। हरियाणा में विधानसभा चुनाव है। अरविंद केजरीवाल आरएसएस को बता रहे हैं कि बीजेपी में कोई भी शामिल हो जा रहा है। इससे उसकी पवित्रता प्रभावित हुई है। यह आरएसएस के लिए यह बहुत सहज स्थिति नहीं है।"

*(साभार- बीबीसी/हिंदी.कॉम)*

राजरंग

# गडकरी ज्ञान की धारा बढ़ रही

केंद्र सरकार के मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष नितिन गडकरी इन्फ्लूयंसर भी हैं। उन्होंने खुद ही बताया है कि उनके मोटिवेशनल वीडियो से कितनी आमदनी होती है। वे वीडियो के अलावा सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी मोटिवेशनल भाषण देते हैं। उसी में राजनीतिक टिप्पणियां भी करते हैं। लेकिन वे टिप्पणियां इतनी छायावादी अंदाज की होती हैं कि लोग उसको डिकोड करते रहते हैं। हर बार कहा जाता है कि उनका निशाना भाजपा का मौजूदा नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हैं। संभवतः इसी वजह से विपक्ष का कोई बड़ा नेता उनके पास प्रधानमंत्री पद का प्रस्ताव लेकर पहुंच गया था। ऐसा खुद गडकरी ने बताया है।



बहरहाल, उनका ताजा ज्ञान यह है कि सार्वजनिक जीवन में जो लोग हैं उनको आलोचना के लिए तैयार रहना चाहिए। यह बात नितिन गडकरी ने उस दिन कही, जिस दिन भाजपा की ओर से कांग्रेस को यह जवाब दिया गया था कि प्रधानमंत्री को एक सौ बार से ज्यादा अपशब्द कहे गए हैं। तभी ऐसा लगा कि गडकरी ने इसका प्रतिवाद किया है और कहा है कि सार्वजनिक जीवन में आलोचना के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने दूसरा बयान यह दिया कि आज देश में असहमति की आवाजों की कमी हो गई है। विपक्षी पार्टियां इस तरह के आरोप लगाती हैं कि भारत में असहमति को दबाया जा रहा है और अभिव्यक्ति की आजादी को बाधित किया जा रहा है।

# कांग्रेस कैसे लड़ रही है चुनाव

दो राज्यों में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं और राहुल गांधी पहले अमेरिका गए और फिर हिमाचल प्रदेश चले गए, जहां उनकी मां सोनिया गांधी और बहन प्रियंका गांधी वाड्रा छुट्टी मना रहे थे। सोचें, चुनाव के बीच राहुल छुट्टी मनाने चले गए! उससे पहले वे हरियाणा के करनाल गए थे, जहां उन्होंने अमेरिका में रह रहे एक युवक के परिजनों से मुलाकात की थी। उसका मैसेज चुनाव में अच्छा गया होगा लेकिन पारंपरिक तरीके से चुनाव प्रचार करने में राहुल गांधी पता नहीं क्यों हिचक रहे हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर का सिर्फ एक दौरा किया। वहां बुधवार को दूसरे चरण का मतदान होना है, जिसके साथ ही 50 सीटों के चुनाव निपट जाएंगे। हरियाणा में भी उनकी चुनावी रैली नहीं हुई है। लोकसभा चुनाव में प्रियंका गांधी वाड्रा ने खूब प्रचार किया था लेकिन पता नहीं क्यों उनको घर बैठा दिया गया है। झारखंड में नवंबर में चुनाव हैं और नेताओं को भी शायद ही याद हो कि आखिरी बार राहुल कब झारखंड आए थे। संभवतः भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण में एक बार वे झारखंड से गुजरे थे।

इस बीच खबर है कि हरियाणा में तमाम नकारात्मक बातों और एंटी इन्कम्बैंसी के बावजूद भाजपा की स्थिति में सुधार हो रहा है। अब भी बढ़त हालांकि कांग्रेस को



ही है लेकिन बड़ी तेजी से भाजपा आगे बढ़ रही है। 10 दिन पहले तक जो पत्रकार भाजपा को 15 सीट पर रूका हुआ मान रहे थे उनको लग रहा है कि भाजपा 25 या उससे ज्यादा सीट जीत सकती है। हरियाणा में घूम रहे या कांग्रेस को नजदीक से जानने वाले पत्रकार कहने लगे हैं कि कहीं ऐसा न हो कि मध्य प्रदेश वाली स्थिति हो जाए। वहां भी कमलनाथ यह मान कर चुनाव लड़ रहे थे कि उनको मुख्यमंत्री पद की शपथ लेनी है। लेकिन वहां कांग्रेस बुरी तरह से साफ हुई। उसी तरह हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा यह मान कर चुनाव लड़ रहे हैं कि उनको चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ लेनी है। लेकिन न कहीं बहुत सघन प्रचार है और न गांधी परिवार के नेताओं की दिलचस्पी है। यहां तक कि मल्लिकार्जुन खड़गे की भी दिलचस्पी नहीं दिख रही है।

कम से कम खड़गे को हरियाणा में कैम्प करना चाहिए था क्योंकि सारी राजनीति अब दलित वोट पर टिक गई है। कांग्रेस की दलित नेता कुमारी शैलजा नाराज होकर घर बैठ गईं और एक हफ्ते तक प्रचार के लिए निकली ही नहीं। हुड्डा के करीबी किसी नेता ने जातिसूचक शब्द कह दिए उसके बाद वे घर बैठ गईं। लेकिन अगर वे नहीं निकल रही थीं तो खड़गे को जाना चाहिए था। दलित समाज में खड़गे को लेकर बहुत सद्भाव है और वह बिहार, उत्तर प्रदेश से लेकर हरियाणा तक है। लेकिन खड़गे नहीं गए। दूसरी ओर मायावती के भतीजे आकाश आनंद की रैली हुई और उन्होंने कांग्रेस को दलित विरोधी बता कर कांग्रेस पर खूब हमला किया। एक तरह ओमप्रकाश चौटाला की इनेलो है, जो बसपा के साथ मिल कर लड़ रही है और दूसरी ओर दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी है, जो चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी के साथ मिल कर लड़ रही है। दो जाट और दो दलित पार्टियां अलग अलग गठबंधन बना कर लड़ रही हैं। कांग्रेस के पास भी यही गठबंधन है। चौटाला परिवार के असर वाले इलाकों में उनका गठबंधन काम कर रहा है दूसरी ओर कांग्रेस के नेता अति आत्मविश्वास में अपनी शुरुआती बढ़त धीरे धीरे गंवा रहे हैं।

# सिखों पर दिया बयान दोहराने से क्या फायदा?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में सिखों को लेकर जो बयान दिया था वे उस पर कायम हैं। इस पर बड़ा विवाद चल रहा है लेकिन इस विवाद के बीच राहुल गांधी ने पिछले दिनों सफाई दी तो सवालिया अंदाज में पूछा कि उन्होंने क्या गलत कहा है? राहुल ने अमेरिका में दिए अपने भाषण का वीडियो क्लिप भी शेयर किया, जिसमें वे कह रहे हैं कि भारत में सिख डरे हुए हैं और चिंता में हैं कि उनको भारत में कड़ा पहनने दिया जाएगा या नहीं और पगड़ी पहनने दिया जाएगा या नहीं। राहुल के इस बयान को लेकर देश के कई राज्यों में उनके खिलाफ मुकदमे हुए हैं और कई सिख संगठनों ने भी इसका विरोध किया है। राहुल के इस बयान को सिख फॉर जस्टिस नाम से संगठन चलाने वाले आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का समर्थन मिला है। कट्टरपंथी सिख संगठन इस बात का प्रचार कर रहे हैं कि भारत में सिख असुरक्षित हैं। इसके लिए वे किसान आंदोलन के समय भाजपा नेताओं की ओर से दिए गए बयानों को आधार बना रहे हैं।

लेकिन सवाल है कि राहुल गांधी को यह बयान देने और इस पर अड़े रहने से क्या फायदा है? क्या कांग्रेस को इसका कुछ लाभ मिल सकता है? हकीकत यह है कि राहुल गांधी का बयान राजनीतिक और सामाजिक दोनों नजरिए से बहुत अच्छा नहीं है। इससे कोई वैचारिक विमर्श भी नहीं खड़ा हो रहा है। ऐतिहासिक रूप से कहें तो सिखों के डरने का एक ही उदाहरण मिलता है, जब 1984 में दिल्ली में सिखों का नरसंहार हुआ था और सिख दिल्ली छोड़ कर, अपनी दुकानें और मकान औने पौने दाम पर बेच कर पंजाब भाग रहे थे। भाजपा के कुछ नेताओं की ओर से सिखों को निशाना बनाया गया है लेकिन ऐसी स्थिति नहीं है कि वे कड़ा या पगड़ी पहनने से डर रहे हैं।

# महाराष्ट्र में तीसरे मोर्चे का गठन

महाराष्ट्र में नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव में सीधा मुकाबले दो गठबंधनों के बीच होगा। एक तरफ सरकार चला रही महायुति है तो दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी है। महायुति में भाजपा, शिव सेना और एनसीपी के बीच सीट बंटवारे की बात चल रही है तो दूसरी ओर महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार भी सीट बंटवारे पर मंथन कर रहे हैं। दोनों तरफ सीएम उम्मीदवार तय करने को लेकर भी खींचतान चल रही है। इस बीच एक तीसरा गठबंधन तैयार हो रहा है। राज्य में तीन बड़े नेता, जो अलग अलग सामाजिक समूहों का नेतृत्व करते हैं और अपनी स्वतंत्र राजनीति के लिए जाने जाते हैं उन्होंने हाथ मिला लिया है। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता है कि वे किसका वोट काटेंगे लेकिन इस तीसरे गठबंधन को लेकर दोनों पक्ष आशंकित हैं।

दो पूर्व सांसदों संभाजी छत्रपति और राजू शेट्टी के साथ निर्दलीय विधायक बच्चू काडू ने मिल कर परिवर्तन महाशक्ति का गठन किया है। संभाजी छत्रपति को भाजपा ने सांसद बनाया था और वे छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज हैं। सो, जाहिर हैं कि वे मराठा वोट की राजनीति करते हैं। राजू शेट्टी स्वाभिमानी शेतकरी संगठन चलाते हैं और स्वाभिमानी पक्ष नाम से पार्टी बना रखी है। नाम से ही जाहिर है कि वे किसान राजनीति करते हैं। तीसरे नेता बच्चू काडू हैं, जो दलित समाज से आते हैं। सो, मराठा, किसान और दलित नेताओं का एक संगठन बन कर तैयार हो गया है। प्रकाश अंबेडकर की पार्टी भी है, जो चुनाव में किस्मत आजमाएगी। इस गठबंधन के साथ उसके तालमेल की बात होती है या नहीं यह देखने वाली बात होगी। लेकिन तीन बड़े नेताओं और अलग अलग समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं की पार्टी कई सीटों पर दोनों बड़े गठबंधनों के लिए मुश्किल पैदा कर सकती है।

# आप की एकमात्र उपलब्धि मुफ्त बिजली और पानी

आम आदमी पार्टी की 10 साल की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या है? शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए कथित काम उपलब्धि हैं या मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराना है? अरविंद केजरीवाल के जेल से निकलने और इस्तीफा देकर नया मुख्यमंत्री बनवाने तक का जो नेरेटिव है वह मुफ्त और सस्ती बिजली व पानी देने का है। आम आदमी पार्टी सिर्फ इसी का प्रचार कर रही है। पार्टी के हर नेता की ओर से यही कहा जा रही है कि केजरीवाल ने मुफ्त बिजली और पानी दिया है और अगर भाजपा सत्ता में आ गई है तो मुफ्त बिजली और पानी देना बंद कर देगी। भाजपा ने भी इसका विरोध किया है और यह बताने का प्रयास किया है कि उसकी भी सरकार बनी तो मुफ्त बिजली और पानी की योजना जारी रहेगी।

सोचें, क्या दुनिया के किसी भी देश की राजधानी में चुनाव इस मुद्दे पर हो सकता है या 10 साल राज करने वाली पार्टी उपलब्धि के नाम पर यह बता सकती है कि वह हर महीने दो सौ यूनिट बिजली और 21 हजार लीटर पानी फ्री दे रही है इसलिए लोग उसको वोट दें? क्या यह राजधानी शहर की सरकार की उपलब्धि हो सकती है कि वह 24 घंटे बिजली उपलब्ध करा रही है? अब तो झारखंड और छत्तीसगढ़ के सुदूर जंगल वाले इलाके में भी 24 घंटे बिजली रहती है। फिर यह क्या उपलब्धि हुई? देश में सबसे ज्यादा प्रति व्यक्ति टेक्स देने के मामले में दिल्ली दूसरे स्थान पर है लेकिन यहां कि सरकार की 10 साल की उपलब्धि यह है कि वह सस्ती या मुफ्त बिजली 24 घंटे दे रही है! यह शर्मनाक है। दिल्ली के लोग ट्रैफिक की समस्या झेल रहे हैं, जरा सी बारिश होने पर पानी जमा हो जाता है, गंदगी की वजह से डेंगू व मलेरिया महामारी की तरह फैला है और अगले महीने से प्रदूषण से लोगों का दम घुटने लगेगा, शहर के बीचों बीच यमुना बहती है, जो एक नाले की तरह दिखती है, जिसकी सफाई का वादा 10 साल पहले जोर शोर से किया गया था। इन सबको ठीक करने की बजाय सरकार की उपलब्धि मुफ्त बिजली और पानी देना है। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था मंइ 2014 के मुकाबले कोई गुणात्मक बदलाव नहीं हुआ है। कुछ स्कूलों में रंग रोगन और कुछ नए क्लासरूम जुड़े हैं और एकाध नए अस्पताल बने हैं।


editornayaindia@gmail.com

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल चिकित्सक सम्मान-2024 कार्यक्रम में हुए शामिल




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

उप मुख्यमन्त्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश में काबिल डॉक्टर्स की कमी नहीं है। सभी डॉक्टर्स अपनी क्षमता के अनुसार सेवा प्रदान कर पायें इसके लिए पर्याप्त चिकित्सकीय और सहायक चिकित्सकीय मैनपावर, स्वास्थ्य अधोसंरचना और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। अधोसंरचना विकास के साथ चिकित्सकों का समर्पण, सेवाभावना और कर्मठता ही स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल होटल सयाजी भोपाल में निजी मीडिया समूह नवदुनिया के ÷चिकित्सक सम्मान-2024÷ कार्यक्रम में शामिल हुए।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश जो ठान लेता है वह करके रहता है जिस प्रकार कृषि, ऊर्जा और स्वच्छता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश ने देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। उसी प्रकार समेकित प्रयास से हम स्वास्थ्य क्षेत्र के विभिन्न मानकों शिशु मातृ मृत्यु दर आदि में तेज गति से सुधार कर उत्कृष्ट राज्य बनेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ज़िला स्तर तक उन्नयन करने के लिए अपेक्षित कुशल चिकित्सक, अधोसंरचना और उपकरण की उपलब्धता पर कार्य किया जा रहा है।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी के सशक्त गौरवशाली नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त किया जा रहा है। आज प्रदेश में 14 मेडिकल कॉलेज हैं। 3 और मेडिकल कॉलेज के संचालन की स्वीकृति मिल चुकी है। आगामी वर्ष में 6 मेडिकल कॉलेज संचालन की तैयारी प्रक्रियाधीन है। पीपीपी मोड पर भी मेडिकल कॉलेज संचालन के प्रयास किये जा रहे हैं। ताकि हर जिले में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शीघ्र ही मेडिकल हब बनेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा सेवा प्रदाय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों को चिकित्सक सम्मान-2024 पुरस्कार प्रदान किया।

# विंध्य क्षेत्र में जल संसाधन विभाग की सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि आगामी रबी सीजन में सिंचाई व्यवस्था के लिए विंध्य क्षेत्र में जल संसाधन विभाग की सिंचाई परियोजना को पूर्ण करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक और तकनीकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाये। परियोजना का कार्य समय से पूर्ण हो, इसके लिए आवश्यक प्रयास किए जायें ताकि किसान भाइयों को असुविधा न हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में रीवा की बहुती नहर परियोजना और नई ग?ी-1 एवं 2 माइक्रो इरिगेशन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूरा हो जाने से किसानों को व्यापक लाभ मिलेगा। बहुती नहर के निर्माण से 65 हजार हेक्टेयर क्षेत्र और नईग?ी-1 एवं 2 के कार्य पूर्ण होने पर 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों के खेतों तक पानी पहुंच सकेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बहुती नहर परियोजना में हो रहे विलंब पर असंतोष व्यक्त किया और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बहुती कैनाल में एक्वाडक्ट निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किया जाये। साथ ही वितरक कैनाल और सप्लाई कैनाल के उन क्षेत्रों में, जहां सीपेज की समस्या है, तकनीकी निदान कर चैनल निर्माण कार्य समय से पूरा किया जाए। बैठक में मुख्य अभियंता बोधी श्री अनिल सिंह, मुख्य अभियंता रीवा श्री ए के देहरिया सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रीवा की बेटी दीप्ति सिंह का अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयन विंध्य के लिए गौरव का क्षण



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा की बेटी सुश्री दीप्ति सिंह के मध्यप्रदेश महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयनित होने पर हार्दिक बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह उनके कठिन परिश्रम और दढ़ निश्चय का परिणाम है, जिसके चलते आज उन्होंने न केवल अपने परिवार, बल्कि रीवा और पूरे विंध्य क्षेत्र का नाम रोशन किया है।उप मुख्यमंत्री ने सुश्री दीप्ति सिंह के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। उन्होंने दीप्ति के परिवारजनों को भी इस गौरवपूर्ण अवसर पर शुभकामनाएं दीं और कामना की है कि वह भविष्य में और भी ऊँचाइयाँ प्राप्त करें।

# जनसुनवाई में 95 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



रीवा। माह के प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्ट्रेट में 95 आवेदकों की सुनवाई की गयी। संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा प्रकरणों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर निराकरण किये जाने के निर्देश दिये।जनसुनवाई में प?िया निवासी रामकुमार सिंह ने छतिग्रस्त मकान के लिये सहायता राशि उपलब्ध कराने, इटहा निवासी विष्णुदत्त शर्मा ने नक्शा तरमीम किये जाने तथा म?वा निवासी रामप्रताप पटेल ने मकान के सामने से वर्षा का पानी निकलवाने की व्यवस्था कराने का आवेदन दिया जिस पर तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। मुमताज खां के गुढ़ में सार्वजनिक स्थल में अवैध निर्माण को रोकने के आवेदन पर एसडीएम को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। रामनरेश द्विवेदी लूक निवासी ने लक्ष्मणबाग मंदिर में पुजारी के पद पर पदस्थ करने का आवेदन दिया जिसे सीईओ लक्ष्मणबाग को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। बजीर अंसारी निवासी तरहटी के नामांतरण के आवेदन पर आयुक्त नगर निगम को, तेंदुनी जवा निवासी अनुसुइया सिंह के नक्शा संशोधन के आवेदन को एसडीएम जवा को तथा हुजूर के मो. यासीन के खसरे की नकल के आवेदन को नजूल अधिकारी को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। शुकुलगवां के निवासियों ने प्रधानमंत्री आवास प्रदाय किये जाने का आवेदन दिया जिसे परीक्षण कर सीईओ जनपद रीवा को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार शिवलाल साकेत के कब्जा दिलाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर को, कुल्लू बीढा निवासी रामवती तिवारी के नहर की मुआवजा राशि के भुगतान के आवेदन को एसडीएम सिरमौर को तथा बरहदी रायपुर कर्चुलियान के रामपाल साकेत के अवरूद्ध रास्ता खोले जाने के आवेदन को एसडीएम रायपुर कर्चुलियान को समुचित कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। भागवत साकेत उमरी सिरमौर निवासी ने प्रधानमंत्री आवास प्रदाय किये जाने का आवेदन दिया जिसे एसडीएम को प्रेषित कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# तनाव प्रबंधन में आध्यात्म की भूमिका विषय पर व्याख्यान आज,कलेक्टर ने अधिकारियों, कर्मचारियों को उपस्थित रहने के दिये निर्देश

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। आनंद विभाग द्वारा 25 सितम्बर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया है। तनाव प्रबंधन में आध्यात्म की भूमिका विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन शाम 4 बजे से माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। मुख्य वक्ता के रूप में प्रजापिता ब्राम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की वक्ता ब्राम्हकुमारी ऊषा दीदी तनाव प्रबंधन के संबंध में व्याख्यान देंगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने इस संबंध में कहा है कि तनाव प्रबंधन जीवन कौशल का भाग है। सभी संभागीय तथा जिला अधिकारी व्याख्यान माला में शामिल होकर जीवन कौशल एवं आध्यात्मिक विकास के मूलमंत्र प्राप्त करें।



# रीवा में कॉलेज छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, दो युवक सड़क से घसीटकर जंगल में ले गए

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। जिले के अतरैला थाना क्षेत्र में कॉलेज छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की वारदात हुई युवती ने पड़ोसी गांव के दो युवकों पर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है रविवार दोपहर मोबाइल रिपेयरिंग करवाने के लिए वह बाजार के लिए निकली थी शाम को लौटते वक्त रास्ते में दो युवकों ने उसका पीछा किया और सड़क से घसीटकर जंगल की ओर ले गए फिर दोनों ने गंदा काम किया।

दो युवकों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज

बदमाशों के चंगुल से छूटकर पीड़िता किसी तरह से अपने घर पहुंची और घटना की बारे में अपने परिजनों को जानकारी दी परिजनों ने महिला थाना पुलिस पहुंचकर केस दर्ज कराया पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाने के लिए पुलिस ने उसे



रीवा के कुशाभाऊ जिला चिकित्सालय भेजा इसके बाद छात्रा के बयान दर्ज कराने के लिए महिला थाना ले जाया गया महिला थाना पुलिस ने छात्रा के बयान दर्ज किए और दोनों युवकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए उनकी तलाश शुरु की।

**पुलिस ने कुछ संदिग्ध युवकों को पकड़ा-**
इस मामले में एडिशनल एसपी विवेक कुमार लाल ने बताया घटना रविवार शाम की है। अतरैला थाना क्षेत्र की निवासी एक लडकी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि वह मोबाइल सुधरवा कर घर वापस घर जा रही थी तभी रास्ते में उसे दो युवकों मिले उन्होंने उसे खींचकर सुनसान इलाके गलत कृत्य किया इस मामले में कुछ संदिग्धों को पकड़ा गया है उनकी पहचान कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।






# शहनाज गिल ने स्टायलिश आउटफिट में कराया फोटोशूट



अभिनेत्री शहनाज गिल ने सोमवार को अपने लेटेस्ट फोटोशूट की शानदार झलकियों से इंटरनेट पर धूम मचा दी। एक आकर्षक सफेद ट्यूब शॉर्ट ड्रेस में उन्होंने फैंस और फॉलोअर्स को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिनेत्री शहनाज गिल ने इंस्टाग्राम पर कई शानदार तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत और आकर्षक लग रही हैं। उन्होंने सफेद ट्यूब शॉर्ट ड्रेस पहनी है। मेकअप ने उनके आकर्षण को और बढ़ा दिया।

अभिनेत्री ने अपने लुक को सिल्वर चोकर नेकपीस, चंकी रिंग्स और चूड़ियों के साथ पूरा किया। उनकी खूबसूरती, आत्मविश्वास और स्टाइल ने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फोटो के कैप्शन में शहनाज गिल ने दो लाल दिल वाली इमोजी पोस्ट की। उनके इस पोस्ट को अभिनेता आयुष्मान खुराना ने लाइक किया है। उनके प्रशंसकों (फैंस) ने कमेंट सेक्शन में लिखा, वह बहुत हॉट हैं, हॉटनेस ओवरलोडेड, हॉटी गिल और खूबसूरत। शहनाज गिल ने साल 2015 के म्यूजिक वीडियो 'शिव दी किताब' से अपने मॉडलिंग करियर की शुरुआत की थी। साल 2017 में, उन्होंने पंजाबी फिल्म 'सत श्री अकाल इंग्लैंड' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। गिल ने 'काला शाह काला', 'डाका', 'होसला रख', 'किसी का भाई किसी की जान' और हाल ही में 'थेंक यू फॉर कमिंग' जैसी फिल्मों में भी काम किया है। शहनाज गिल कई म्यूजिक वीडियो में दिखाई दी हैं जिनका टाइटल- 'मार कर गई', 'पिंड दियां कुड़ियां', 'जे हां नी कड़नी', 'पुत्त सरदारन दे', 'वियाह दा चा', 'जट्ट जान वरदा', 'गुस्से हो के नहियो सरना', 'गुंडे इक वार फेर', 'पेग पेनू वेले', 'शोना शोना' और 'हेबिट' है। दिवा अपकमिंग फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में एक विशेष भूमिका में नजर आएंगी। राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी अभिनीत अपकमिंग कॉमेडी फिल्म राज शांडिल्य द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज फिल्म्स, बालाजी मोशन पिक्चर्स, वकाओ फिल्म्स और कथावाचक फिल्म्स द्वारा निर्मित है। फिल्म 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसके अलावा उनके पास 'सब फर्स्ट क्लास' भी है।

# रिया सिंघा बनीं मिस यूनिवर्स इंडिया 2024

गुजरात की रिया सिंघा मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विजेता बन गयी हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले रविवार को राजस्थान के जयपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से चुनी गई 51 फ़ाइनलिस्टों ने एक से बढ़कर एक जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। 51 फ़ाइनलिस्टों में पहले दो राउंड के बाद से टॉप 20 फाइनलिस्ट चुनी गई।दिल्ली की प्रांजल प्रिया को हराकर गुजरात की रिया सिंघा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 एवं बॉलीवुड स्टार उर्वशी रोतेला ने रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज पहनाया।

रिया इस वर्ष मैक्सिको में होने वाले मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। रिया ने इस अवसर पर कहा, मैंने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब जीत लिया



है। मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है, जहां मैं खुद को इस ताज के लायक समझ सकती हूं। मैं पिछले विजेताओं से बहुत प्रेरित हूं। कार्यक्रम में जज के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के डायरेक्टर निखिल आनंद,बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रोतेला,फिलीपींस के जाने माने फेशन डिजाइनर ग्युयें क्रुयन्ह,रियान फर्नांडिस एवं राजीव श्रीवास्तव थे।

उर्वशी रोतेला ने कहा कि आज इस शानदार कार्यक्रम में जज की भूमिका में शामिल ही कर गोरवान्वित महसूस कर रही हूं। आज हर एक प्रतिभागियों में मे अपने आप को देख रही हूं क्योंकि कभी में भी इस प्रतियोगिता का हिस्सा रह चुकी हूं। पूरे परिवार के सपोर्ट से मैंने एक बेहतर मुकाम पाया। गोरतलब है कि तीन भारतीय सुंदरियों ने मिस यूनिवर्स का ताज जीता है, जिसमें वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन, वर्ष 2000 में लारा दत्ता और वर्ष 2022 में हरनाज़ संधू शामिल है।

# जुनैद खान ने खुशी कपूर को कहा इंट्रोवर्ट



अभिनेता जुनेद खान ने खुशी कपूर को अपनी तरह इंट्रोवर्ट बताया है जबकि साई पल्लवी को नेचुरल परफॉर्मर कहा है। जुनेद खान महाराज में अपने ज़बरदस्त परफॉर्मेंस के लिए सुर्खियों में हैं, जिसके दर्शक और आलोचक दोनों से खूब तारीफ मिल रही है! ख़ुशी कपूर के साथ काम करने के अपने एक्सपीरियंस पर बात करते हुए जुनेद ने कहा,ख़ुशी और मैं कई मायनों में एक जेसे हैं; हम दोनों ही इंट्रोवर्ट्स हैं। वह एक खूबसूरत इंसान हैं, हमेशा समय पर रहती हैं। वहीं,साई पल्लवी के बाते में जुनेद ने कहा,वह कमाल की परफॉर्मर हैं, वह उन सबसे नेचुरल एक्टर्स मं2 से एक हैं जिनसे मैं मिला हूं।

# पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज



दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज हो गया है। पुष्पा 2: द रूल इस साल की सबसे ज़्यादा प्रतीक्षित फ़िल्म है।दिलचस्प बात यह है कि फ़िल्म अब अपनी रिलीज़ से सिर्फ़ 75 दिन दूर है, और जल्द ही दुनिया पुष्पा और उनके बेमिसाल जलवे को बड़े पर्दे पर देखेगी। पुष्पा 2: द रूल के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन का एक रोमांचक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वे पुष्पराज के रूप में नज़र आ रहे हैं, जिसमें उनका सिग्नेचर स्वैग साफ़ झलक रहा है।

# फिल्म लापता लेडीज की ऑस्कर 2025 में एंट्री

बॉलीवुड फिल्मकार किरण राव की फिल्म लापता लेडीज को ऑस्कर 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया है। भारत ने आधिकारिक तोर पर 97वें अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म श्रेणी के लिए 'लापता लेडीज' को अपनी प्रविष्टि के रूप में चुना है।यह घोषणा फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (एफएफआई) के निर्णायक मंडल द्वारा की गई।किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान द्वारा निर्मित इस फिल्म का उद्देश्य वैश्विक मंच पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करते हुए महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर प्रकाश डालना है। अपनी खुशी को साझा करते हुए, आरआईएल की मीडिया और कंटेंट बिजनेस हेड ज्योति देशपांडे ने कहा, ₹ऑस्कर के लिए भारत की प्रविष्टि के रूप में 'लापता लेडीज़' का चयन किया जाना मेक इन इंडिया और दुनिया को दिखाने के हमारे विजन और प्रतिबद्धता का एक सच्चा प्रमाण है... इस फिल्म को पहले से ही दुनिया भर के दर्शकों से असीमित प्यार मिला है और यह प्रदर्शन से ओटीटी पर वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली फिल्मों में से एक बन गयी है, जियो स्टूडियोज भारत को वैश्विक मंच पर गोरवान्वित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा और मैं इस सम्मान और विशेषाधिकार के लिए फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया को धन्यवाद देती हूं।



'लापता लेडीज' ग्रामीण भारत में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के विषयों पर आधारित एक फिल्म है। फिल्म दो दुल्हनों की कहानी पर आधारित है, जो 2001 में ट्रेन यात्रा के दौरान अनजाने में बदल जाती हैं। प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव और नितांशी गोयल अभिनीत इस फिल्म में एक मार्मिक कथा के साथ एक मजबूत सामाजिक संदेश भी है। जियो स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत, लापता लेडीज़ का निर्देशन किरण राव ने किया है और इसका निर्माण आमिर खान, किरण राव और ज्योति देशपांडे ने किया है।

यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बेनर तले बनी है, जिसकी पटकथा बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है। पटकथा और संवाद स्नेहा देसाई द्वारा लिखे गए हैं, जबकि अतिरिक्त संवाद दिव्यनिधि शर्मा द्वारा लिखे गए हैं। गोरतलब है कि हाल ही में 'लापता लेडीज' को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम मेंप्रदर्शित किया गया, जिसमें न्यायाधीश, उनके परिवार और अधिकारी शामिल हुए। उस कार्यक्रम में राव ने फिल्म की स्क्रीनिंग में मुख्य न्यायाधीश की पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

बहुरंग

# बाबिल खान दो नए प्रोजेक्टस में नजर आयेंगे



अभिनेता बाबिल खान जल्द ही दो नये प्रोजेक्टस में काम करते नजर आयेंगे। कला, फ्राइडे नाइट प्लान और द रेलवे मेन जेसी परियोजनाओं में अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाने वाले अभिनेता बाबिल खान ने अपने काम के लिए अपार प्रशंसा अर्जित की है। वह सोशल मीडिया पर भी अपनी मजबूत उपस्थिति का आनंद लेते हैं, अक्सर अपने प्रशंसकों के साथ जुड़ते रहते हैं। हाल ही में, एक प्रशंसक ने बाबिल के सोशल मीडिया पर टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या उनकी कोई नई फिल्म या वेब सीरीज़ पाइपलाइन में है।

बाबिल ने खुलासा किया कि उन्होंने दो परियोजनाओं पर काम पूरा कर लिया है और अब बस उनकी रिलीज़ का इंतज़ार कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि दर्शकों को उन्हें देखने के लिए बहुत लंबा इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा। बाबिल ने लिखा, दो पर काम ख़त्म हो चुका है सर, अब बस इंतज़ार ही कर सकता हूं मैं, लेकिन मेरी ख़्वाहिश यह है कि आपको ज़्यादा ना करना पड़े। इस खुलासे के साथ ही, बाबिल के आने वाले काम के बारे में अटकलें और बढ़ गई हैं। हालाँकि इन प्रोजेक्ट के बारे में विवरण अभी भी गुप्त हैं, लेकिन प्रशंसक बाबिल की स्क्रीन पर वापसी का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

दिलचस्प

# गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए चिरंजीवी



दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। चिरंजीवी अब गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के धारक बन गए हैं। चिरंजीवी को यह सम्मान 45 वर्षों में अपनी 156 फिल्मों के 537 गानों में 24000 डांस मूव्स करने के लिए मिला। इसी दिन सुपरस्टार चिरंजीवी 1978 में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। चिरंजीवी को यह सम्मान आमिर खान ने दिया। इस अवसर पर आमिर खान ने कहा, 'यहां आना मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात है।

मैं चिरंजीवी गारू के प्रशंसकों को देखकर खुश हूं और मुझे भी अपने बीच शामिल करने के लिए आप सभी का धन्यवाद क्योंकि मे भी उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।मैं उन्हें अपने बड़े भाई की तरह देखता हूं। जब चिरंजीवी गारू ने मुझे फोन किया और मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित करना चाहा तो मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझसे क्यों बुलाया था और मैंने उनसे पहले ही कहा था कि आपको केवल ऑर्डर करना है, कोई मांग नहीं है।' मुझे बहुत खुशी है कि चिरंजीवी गारू को यह सम्मान दिया गया है। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई और मैं इस शानदार शाम और जश्न का हिस्सा बना।

# 89 वर्ष के हुये बॉलीवुड के खलनायक प्रेम चोपड़ा



बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता प्रेम चोपड़ा आज 89 वर्ष के हो गये। प्रेम चोपड़ा का जन्म 23 सितंबर 1935 को लाहोर में हुआ। वह अपने छह भाई बहनों में तीसरे नंबर पर थे। भारत विभाजन के बाद उनका परिवार शिमला आ गया, जहां उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। इसके बाद उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक की शिक्षा पूरी की। इस दोरान वह कॉलेज में अभिनय भी किया करते थे।स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रेम चोपड़ा ने निश्चय किया कि वह अभिनेता के रूप फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनायेंगे। हालांकि उनके पिता चाहते थे वह डॉक्टर बने लेकिन उन्होंने अपने पिता से साफ शब्द में कह दिया कि वह अभिनेता बनना चाहते हैं। अपने सपने को साकार करने के लिये वह पचास के दशक के अंतिम वर्षो में मुंबई आ गये। मुंबई आने के बाद प्रेम चोपड़ा को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।अपने जीवन यापन के लिये वह टाईम्स आफ इंडिया के सर्कुलेशन विभाग में काम करने लगे। इस दोरान फिल्मों में काम करने के लिये वह संघर्षरत रहे। इस बीच उन्हें एक पंजाबी फिल्म चोधरी करनेल सिंह में काम करने का अवसर मिला।वर्ष 1960 में प्रदर्शित यह फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट हुयी और वह दर्शको के बीच अपनी पहचान बनाने में कुछ हद तक कामयाब हो गए।

# बाड़ पीड़ितों के साथ भाजपा सरकार के मंत्री कर रहे हैं भेदभाव - पंकज त्रिपाठी

दैनिक पुष्पांजली टुडे

## मंत्री श्री पटेल ने बाड़ से प्रभावित हुए भिण्ड व अटेर विकासखण्डों के लिए दौरा एवं बारिश में क्षतिग्रस्त हुए जिले की शान एवं महत्वपूर्ण धरोहर भदावर किला का निरीक्षण करना तक उचित नहीं समझा



भिण्ड । कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिले की सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण कई क्षेत्र बाड़ की चपेट में आ गए थे,जिस कारण जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया था और इन क्षेत्रों के लोगों का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है । श्री त्रिपाठी ने कहा कि बाड़ पीड़ित क्षेत्रों के लोगों का अभी तक जन जीवन सामान्य रूप से सुचारू नहीं हो पाया है,किंतु भाजपा सरकार और उसके नेताओं को अपनी वाहवाही कराने से ही फुर्सत नहीं है । बारिश थम जाने के बाद बाड़ प्रभावित क्षेत्रों में खानापूर्ति करने के लिए कुछ क्षेत्रों में जाकर बाड़ वाले इलाकों एवं बाड़ पीड़ितों के साथ फोटो खिंचवाकर कर समाचार पत्रों एवं बेजेपी टीम द्वारा सोशल मीडिया में बाड़ पीड़ितों के लिए कार्यों को बड़ाचड़ाकर दिखाते हुए महज दिखवा कर खाना पूर्ति करते दिखे,यहां तक कि मध्यप्रदेश सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण व श्रम मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद पटेल का जिला में बाड़ से ग्रसित क्षेत्रों का दौरा तय हुआ,और मंत्री श्री पटेल जिला भिण्ड आकर केवल लहार, मेहंगाव और गोहद के कुछ विकासखण्डों के कुछ गांवों का दौरा कर निकल गए,जबकि जिले की ही विधानसभा क्षेत्र भिण्ड एवं अटेर विकासखण्ड के कई क्षेत्रों में बारिश के कारण बाड़ एवं जलभराव हो गया था,भिंड एवं अटेर विधानसभा क्षेत्र के बाड़ वाले इलाकों में प्रभारी मंत्री श्री पटेल जी नहीं गए यहां तक कि बारिश में झतिग्रस्त हुए जिले की शान अति महत्वपूर्ण धरोहर भदावर किला का मुआयना तक करना उचित नहीं समझा । श्री त्रिपाठी ने कहा कि इससे लगता है,कि जैसे भिंड जिले में यह दो विधानसभा क्षेत्रों के बाड़ पीड़ितों की कोई परवाह ही नहीं है ।श्री त्रिपाठी ने कहा कि वह जिला प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल से भिंड एवं अटेर की जनता की ओर से अनुरोध करते है,कि मंत्री श्री पटेल बाड़ के चपेट में आए इन छोड़े गए क्षेत्रों का जल्द से जल्द दौरा कर बाड़ पीड़ितों से मुलाकात कर एवं समूचे जिला भिण्ड में बाड़ से प्रभावित हुए जनमानस का आर्थिक नुकसान एवं किसानों की फसलों का सही मूल्यांकन कराकर पीड़ितों को जल्द से जल्द ही आर्थिक सहायता प्रदान कराएं ।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 90 आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही के दिए निर्देश

## जनसुनवाई में हरिकंड को मौके पर ही मिली ट्राईसाईकिल

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 90 से अधिक आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री एलके पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।जनसुनवाई के दौरान फरियाद लेकर आने वाले ग्राम ऐंचाया गोहद के निवासी हरिकंड द्वारा दिव्यांगता के कारण दैनिक दिनचर्या के कामों में होने वाली परेशानी के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर कलेक्टर ने हरिकंड की परेशानियों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुये तत्काल संज्ञान लेकर सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराई। अपनी समस्या का निराकरण हो जाने पर हरिकंड ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।



जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋष्टा, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा एवं प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराने से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके संबंध में आवेदक को भी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

**मोहन के राज में अधिकारी-कर्मचारियों की होगी बल्ले-बल्ले!**

# मध्य प्रदेश के 7 लाख कर्मचारियों को बड़ी सौगात, बड़ेगा 4 फीसदी महंगाई भत्ता

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

भोपाल। मध्य प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार प्रदेश के 7 लाख से अधिक अधिकारियों और कर्मचारियों को खुशखबरी देने जा रही है। इन्हें दिया जाने वाला गृह भाड़ा, परिवहन और मंत्रालय भत्ते में जल्द ही वृद्धि की जाएगी। साथ ही सरकार इस भत्ते को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से जोड़ने की तैयारी कर रही है। मंत्रियों की निजी पदस्थापना में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों का विशेष भत्ता भी बढ़ाया जाएगा। दरअसल, कुछ दिनों पहले नई दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में पोस्टेड प्रदेश के कर्मचारियों के होम रेंट अलाउंस की रेट को 10 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया गया है। वहीं, 12 साल पहले 2012 में राज्य वेतन आयोग की अनुंशसा पर मध्यप्रदेश में गृह भाड़ा भत्ते (एचआरए) की दर में संशोधन किया था। उस दौरान वित्त सचिव मनीष रस्तोगी थे। वे अब विभाग के प्रमुख सचिव हैं।सालों से नहीं बढ़े भत्तेआपको बता दें कि पूर्ववर्ती शिवराज सरकार में वित्त सचिव अजीत कुमार ने इस मामले पर सरकार को एक रिपोर्ट दी थी। जिस पर अब मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव निर्णय लेने की तैयारी कर रहे हैं। फिलहाल मध्यप्रदेश के अधिकारी, कर्मचारियों को साल 2018 से सातवां वेतनमान मिल रहा है। इसके अनुसार भत्ते नहीं बढ़ाए गए हैं।पहले भी कर्मचारी कर चुके हैं मांगभत्ते बढ़ाने को लेकर पहले भी कर्मचारी संगठनों ने मांग की,



लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस दौरान महंगाई कई गुना बढ़ गई। शिवराज सरकार के समय वित्त सचिव अजीत कुमार को भत्तों में वृद्धि के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी दी थी। उन्होंने विभाग को रिपोर्ट सौंप दी थी। इसमें भत्तों को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से जोड़ने की अनुशंसा की गई। महंगाई भत्ता भी इंडेक्स के अनुसार ही बढ़ाया जाता है।

**सभी वर्ग के कर्मचारियों को मिलेगा लाभ**-बता दें कि यह वर्तमान में प्रदेश के कर्मचारियों को 46 और अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को 50 फीसदी की दर से दिया जा रहा है। सातवें वेतनमान को लेकर भत्ते के संबंध में जो सिफारिश की थी, उसके आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को जोड़ते हुए दरें रिवाइज की जाएंगी। इसका लाभ सभी संवर्गों के कर्मचारियों को मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार कर्मचारियों का गृह भाड़ा भत्ता वित्त विभाग ने साल 2012 में बढ़ाया गया था। इसमें 2001 की जनगणना के आधार पर वेतन बैंड में वेतन और ग्रेड वेतन के योग के आधार पर प्रतिशत निर्धारित किया गया था।

**2012 में बढ़ा था भत्ता**-मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के अनुसार कर्मचारियों के गृह भाड़ा भत्ता में वित्त विभाग ने वर्ष 2012 में बढ़ोतरी की थी। जिसमें 2001 की जनगणना को आधार मानते हुए सैलरी और ग्रेड वेतन के योग के आधार पर प्रतिशत निर्धारित किया गया। जहां 7 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में निवास करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को 10 फीसदी, 3 लाख से 7 लाख तक आबादी वाले नगरों में 7 फीसदी, 50000 से 3 लाख तक आबादी वाले नगरों में 5 फीसदी और 50000 से कम आबादी वाले नगरों में निवास करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए 3 फीसदी दर देने का फैसला किया गया था।

**7 साल पहले बढ़ा था विशेष भत्ता**-सामान्य प्रशासन विभाग ने मई 2017 में मंत्रियों के विशेष सहायक, निज सचिव, निज सहायक और मंत्रालय के अधिकारियों को दिए जाने वाले विशेष भत्ते में बढ़ोतरी की थी।मकान किराया भत्ता की पात्रता अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों, संविदा, तदर्थ या दैनिक वेतन के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को भी यह सुविधा नहीं मिलती है। इसके अलावा ऐसे अधिकारी-कर्मचारी, जिन्हें सरकारी आवास आवंटित है, किराया रहित सरकारी आवास गृहों में रहते हैं या फिर किराया रहित आवास के बदले कोई भत्ता दिया जा रहा है।

# जीडीएस की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया











सीहोर। जिले के ग्राम बिलकिसगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित क्षेत्र के उप स्वास्थ्य केंद्र खारी, व भीलखेड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र का जीडीएम की टीम ने निरीक्षण किया। गौरतलब है की डेनमार्क से वर्ल्ड डायबिटीज फेडरेशन एवं जपाइगो के तकनीकी सहयोग से जीडीएम प्रोग्राम का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत जीडीएम की टीम ने क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अरविंद सिन्हा ने बताया कि जीडीएम की 2द्धश टीम ने जीडीएम प्रोग्राम के तहत गर्भवती महिलाओं को शासन से मिलने वाली जो भी योजनाएं हैं उनके बारे में जानकारी ली गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं की जांच और उपचार किस तरह किया जाता है उसकी सविस्तार जानकारी भी दी गई। निरीक्षण दल ने किस तरह हॉस्पिटल में लेखा जोखा रखा जाता है उसके बारे में भी विस्तार से जाना।साथ ही एनसीडी ( नॉन कम्युनिकेशन डिसिस)के प्रोग्राम के तहत हाइपोटेंशन एवं डायबिटिस के सेवाएं मरीजों को किस प्रकार उपलब्ध होती हैं इसके बारे में भी जाना।जपाईगो द्वारा सीहोर जिले में तकनीकी सेवाएं दी जा रही है और जीडीएम की सेवाएं कैसे दी जा रही है यही सब देखने के लिए टीम ने क्षेत्र के हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया की वर्ष 2021 से जीडीएम के तहत सर्विस दी जा रही है।निरीक्षण के दौरान जीडीएम के ड्ड.॥.ह्र टीम से मेटटे स्कार, डॉक्टर राधा वलाऊलिकर, डॉक्टर यशपाल जैन, डॉक्टर ज्योती बेनावरी, डॉक्टर पूजा शर्मा, डॉक्टर स्वप्निल पाटिल, मनीष सिंह एवं ड्ड.॥.ह्न. टीम से डॉक्टर युतारो सतोया, डॉक्टर अभिषेक कुंवर, डॉक्टर अभिनव काड़िया, डॉक्टर रूपाली भारद्वाज, एनसीडी कॉर्डिनेटर अंकित चौरसिया एवं डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया (सीएमएचओ) सीहोर, नीलेश गर्ग(एम एंड ई), ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर( सीबीएमओ) डॉक्टर नवीन मेहर, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर(बीपीएम) गंगा गर्ग, सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अरविंद सिन्हा, नर्सिंग ऑफिसर देविका त्यागी, नर्सिंग ऑफिसर नीलम मेवाड़ा आदि उपस्थित रहे।

**आगामी रबी सीजन में किसानों के लिए हो बिजली की पर्याप्त उपलब्धता**

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यों की समीक्षा में दिये निर्देश



**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

**भोपाल** ›आगामी रबी सीजन में किसानों के लिये बिजली की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके लिये जनरेशन कम्पनी के साथ बैठकर कार्य योजना तैयार करें। सभी बिजली प्लांट सतत् रूप से चालू रहें। कोयले की पर्याप्त व्यवस्था कर लें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मंत्रालय में पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सोलर प्रोजेक्टस की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी प्रोजेक्ट तय समय सीमा में पूरा करायें। इनकी सतत् मॉनीटरिंग करें। वित्त वर्ष 2024-25 में आगर, शाजापुर, ओंकारेश्वर में सोलर प्रोजेक्ट का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि विद्युत उत्पादकों के देयकों का भी भुगतान समय पर करें। श्री तोमर ने पॉवर एक्सचेंज, बिजली के शेडयूल प्रक्रिया, बिजली की उपलब्धता एवं कटौती सहित अन्य विषयों की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिये। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव ने बिजली की शेड्यूल प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगले दिन के लिये बिजली की आवश्यकता का निर्धारण करते समय वितरण कम्पनियों द्वारा विद्युत की मांग तथा उत्पादन कम्पनियों द्वारा घोषित विद्युत की उपलब्धता को दृष्टिगत रखा जाता है। पॉवर एक्सचेंज में बिजली विक्रय दर इस प्रकार रखी जाती हैं कि शेड्यूल की गई बिजली की परिवर्तनशील लागत की वसूली हो सके। बैठक में ऊर्जा विभाग के ओएसडी श्री विजय गौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस के लिए संविधान राजनीतिक साधन हो सकता है,लेकिन हमारे लिए संविधान श्रद्धा और आस्था का केंद्र है - सांसद श्रीमती राय

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भिण्ड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय ने भिण्ड सर्किट हाउस पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान कहा है कि वह आरक्षण हटा देंगे । ये वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरू के जमाने से गाता आ रहा है।कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन इस दौरान उसने अपने राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया और सामाजिक उद्देश्यों की उपेक्षा की। कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को सही भावना और रूप में लागू करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई-नेहरू सरकार ने 1956 में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने की काका कालेलकर रिपोर्ट को खारिज कर दिया- नेहरू ने 1961 में मुख्य मंत्रियों को पत्र लिखकर कहा कि आरक्षण से अक्षमता और दोयम दर्जे का मानक पैदा होता है। नेहरू ने डॉ अंबेडकर के सामाजिक व राजनैतिक जीवन को समाप्त करने का षड्यंत्रकिया। 1952 में लोकसभा चुनाव और 1954 में लोकसभा उपचुनाव में डॉ अंबेडकर को हराने का पाप किया।धारा 370 और 35 अ को समाप्त कर जम्मू कश्मीर के अनुसूचित जाति वर्ग को 70 वर्ष बाद सामाजिक न्याय व सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। 1975 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचला था। इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डालकर ओबीसी आरक्षण में देरी की। 1966 से 1977 तक,संविधान में 25 बार संशोधन हुआ। 42 वें संशोधन में 41 अनुच्छेदों में संशोधन और 11 नए अनुच्छेद जोड़े गए। 2014 के बाद मोदी जी के कार्यकाल में संविधान में केवल आठ बार संशोधन हुआ था, यह अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए किया गया था । 2017 में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) को संवैधानिक दर्जा दिया गया। श्रीमती राय ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि 2019 में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण की शुरुआत। 2019 में वित्त आयोग और संविधान की छठी अनुसूची से संबंधित प्रावधानों में संशोधन ।2019 में लोकसभा और विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) आरक्षण का 10 वर्षों के लिए विस्तार किया गया ।2021 में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी ओबीसी सूची में परिवर्तन करने का अधिकार प्रदान किया गया।कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने 3 मार्च 1985 को एससी आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए यह कहा था कि आरक्षण के माध्यम से हमे बुधुओ को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने मंडल आयोग की रिपोर्ट का विरोध किया और 1990 में लोकसभा में आरक्षण का पुरजोर विरोध किया और मुसलमानों को आरक्षण देने की वकालत की, जो बाबासाहेब के मूल संविधान के खिलाफ था। अल्पसंख्यक संस्थान और आरक्षण, उन्होंने कहा किजामिया मिलिया (2011) और एएमयू (1981) जैसे सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों को अल्पसंख्यक संस्थानों के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिससे अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ों को आरक्षण देने से इनकार कर दिया गया। 93 वें संवैधानिक संशोधन (2005) के तहत अल्पसंख्यक संस्थानों को आरक्षण प्रदान करने से छूट दी गई। इस एक कदम से सैकड़ों संस्थानों से पिछड़े समुदायों के अधिकार छीन लिए गए।श्रीमती राय ने




पत्रकार वार्ता में कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ, 57 वर्ष केंद्र में कांग्रेस सरकार रहते हुए संविधान दिवस नहीं बनाया गया। श्री मोदी ने 2015 से शासकीय स्तर पर संविधान दिवस मनाना चालू किया। उसके बाद श्री मोदी ने 2015 में संसद के दोनों सदनों में संविधान पर चर्चा कराने का निर्णय किया, जिसका कांग्रेस ने विरोध किया । 2010 में जब संविधान के 60 वर्ष पूरे हुए,तो गुजरात में अपने कार्यकाल के दौरान,मुख्यमंत्री कार्यकाल के समय श्री मोदी ने संविधान गौरव यात्रा आयोजित की। इस यात्रा में संविधान की प्रति को हाथी के मस्तक पर रखकर पूरे शहर में निकालकर सम्मानित किया गया। कांग्रेस ने संविधान को अपनाने के बाद 90 मौकों पर निर्वाचित सरकारों को बर्खास्त करने के लिए अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग किया, जिससे संविधान का मजाक उड़ाया गया। श्रीमती राय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर और संविधान सभा ने संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण को मान्यता नहीं दी थी,फिर भी ओबीसी कोटा से आंध्र प्रदेश में 4 प्रतिशत, केरल में 8 प्रतिशत और तमिल नाडु में 3.5 प्रतिशत आरक्षण मुस्लिम समुदाय को देकर संविधान का उल्लंघन किया । डॉ अंबेडकर का अपमान कांग्रेस ने अपनी सरकारों में कभी भी बाबासाहेब का तैल चित्र संसद में नहीं लगने दिया न ही उन्हें कभी भारत रत्न देने का विचार किया।पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी ने कल्याण मंत्रालय को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के रूप में बदला। उन्होंने कहा कि एक असमान समाज में जहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग अभी भी ऐतिहासिक अक्षमताओं से पीड्ति हैं वे जो चाहते हैं वह सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण है,न कि केवल कल्याण। मंत्रालय का नाम बदलने का हमारा निर्णयकल्याण की अवधारणा की तुलना में समानता और सामाजिक- आर्थिक मुक्ति के मूल्यों के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्वता द्वारा निर्देशित है। बाबासाहेब के जीवन से जुड़े सभी ऐतिहासिक स्थलों को केवल भूमि व स्थल न मानकर अपितु उनको तीर्थस्थल का सम्मान श्री मोदी की सरकार ने दिया। बाबासाहेब के जीवन से जुड़ी पाँच महत्वपूर्ण स्थानों को भाजपा सरकारों ने विकसित किया। पंचतीर्थ में महू में डॉक्टर अंबेडकर की जन्मभूमि, लंदन में शिक्षा भूमि,नागपुर में दीक्षाभूमि, दिल्ली का महापरिनिर्वाण स्थल और मुंबई में चैत्य भूमि शामिल है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के प्रयास से ही 1990 में बाबासाहब डॉ अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया।अनुसूचित जाति पर अध्ययन, अनुसन्धान, विश्लेषण और नीति निर्माण करने के लिए डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र की स्थापना श्री मोदी ने 2017 में की। बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर को स्मरण करते श्री मोदी ने भीम ऐप का शुभारंभ किया,जिससे निम्न,मध्यम वर्ग के व्यापारियों,किसानों,गरीबों को ताक़त प्रदान की गयी। कांग्रेस ने 57 वर्षों तक देश पर शासन किया है,लेकिन नागरिकों को बिजली,पानी,बैंक खाते,शौचालय,घर आदि जैसी बुनियादी सेवाएं प्रदान नहीं की गईं। हमारी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में बाबासाहेब के सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र के दृष्टिकोण को पूरा करने का प्रयास किया है।भारतीय संविधान हमारे लिए राष्ट्रीय ग्रंथ है ,श्री मोदी ने कहा कि मेरे रहते संविधान और आरक्षण को खरोंच भी नहीं आएगी । श्री मोदी का कहना है कि कांग्रेस के लिए संविधान राजनीतिक साधन हो सकता है,लेकिन हमारे लिए संविधान श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। वार्ता में श्रीमती राय ने कहा कि कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कि आरक्षण खत्म करने की बात को कहकर समाज को झूठ बोलकर गुमराह कर रहे हैं,क्योंकि उनकी संस्कृति में हमेशा झूठ बोलने की आदत है और अभी तक अनुसूचित जाति समाज अनुसूचित जनजाति समाज दलित पिछड़ा वर्ग आदिवासी समुदाय के लोगों को झूठ बोलकर वोट की तुष्टिकरण की नीति चलकर समाज को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में सब का विकास सबका विश्वास सबका संकल्प और सब का विकास की योजना को लेकर अंत्योदय मिशन के साथ सरकार काम कर रही है। पत्रकार वार्ता में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट पिंकी सागर,मध्य प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग के दर्ज पूर्व राज्य मंत्री प्राप्त सुनील बाल्मिक, जिला मीडिया प्रभारी अजय शर्मा उपस्थित रहे ।

## समाचार विश्लेषण

# खतरे में जर्मनी की पहचान फोल्क्सवागन

जर्मनी में अब भी ऐसी पीढ़ियां हैं जिनके खुशहाल परिवार की फोटो में कहीं न कहीं एक फोल्क्सवागन कार जरूर दिखेगी। लेकिन अब यह कंपनी भारी मुश्किल में है और इसे बचाने के लिए जर्मनी के वाइस चांसलर को कमर कसनी पड़ रही है। चमकदार आंकड़े हमेशा सच नहीं बोलते। जर्मनी की दिग्गज कार कंपनी इसका ताजा उदाहरण है। सेल्स के मामले में टोयोटा के बाद फोल्क्सवागन, दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कार कंपनी है। कंपनी के पास पोर्शे, बेंटली, लाम्बॉर्गिनी, डुकाटी और ऑडडी से एलीट ब्रांड हैं तो फोक्ल्सवागन, स्कोडा, कुप्रा, मान, स्केनिया और सिएट जैसे सेल्स चैंपियन भी।

लेकिन 2015 के डीजलगेट कांड के बाद से जर्मनी की ये दिग्गज कार कंपनी मुश्किल में है। करीब एक दशक पहले अमेरिकी रिसर्चरों ने फोल्क्सवागन की गाड़ियों में उत्सर्जन की फर्जी रीडिंग देने वाले सॉफ्टवेयर को पकड़ लिया। इसके बाद अमेरिका और जर्मनी में फोल्क्सवागन पर मुकदमे शुरू हुए। जांच में पता चला कि चिटिंग का ये तरीका फोल्क्सवागन ग्रुप के तत्कालीन हेड और उस समय डायनेमिक बिजनेस लीडर कहे जाने वाले मार्टिन विंटरकॉर्न के नेतृत्व में लागू किया गया था। कंपनी ने अमेरिकी मुकदमों के बदले 14.7 अरब डॉलर की सेटलमेंट राशि चुकाने पर हामी भरी। जर्मनी में मुकदमा जारी है। डीजलगेट की फजीहत से बचने के लिए कंपनी ने विंटरकॉर्न समेत कई अधिकारियों की छुट्टी कर दी। डीजलगेट कांड की रिपोर्टिंग के दौरान ही फोल्क्सवागन ने एलान किया कि अब वह इलेक्ट्रिक कारों पर फोकस करेगी। फोल्क्सवागन काफी हद तक ऐसा करने में कामयाब भी होने लगी। इसके पीछे ग्राहकों को ई कारों की खरीद पर दी जा रही सरकारी रियायत भी बड़ी वजह थी। लेकिन तभी फरवरी 2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ। उसने महंगाई पैदा की और जर्मनी को अपना सैन्य खर्च कई गुना बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा। जर्मन सरकार ने सैन्य खर्च बढ़ाने और 100 अरब यूरो का फंड बनाने का एलान तो कर दिया, लेकिन उसके लिए जरूरी पैसा जुटाने के लिए ई कारों की खरीद पर दी जा रही सब्सिडी बंद कर दी। इसके बाद दूसरी कंपनियों से मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा और चीन के साथ पश्चिमी देशों के टकराव ने फोल्क्सवागन समेत अन्य जर्मन कार निर्माताओं की परेशानी और बढ़ा दी।

**जर्मन सरकार ने सैन्य खर्च बढ़ाने का एलान किया, तो उसके लिए जरूरी पैसा जुटाने के लिए ई-कारों की खरीद पर सब्सिडी बंद कर दी। दूसरी कंपनियों से मिल रही कड़ी प्रतिस्पर्धा और चीन के साथ पश्चिमी देशों के टकराव ने जर्मन कार निर्माताओं की परेशानी और बढ़ा दी।**

जर्मन भाषा में फाउवे कही जाने वाली फोल्क्सावागन अपने सबसे बड़े बाजार चीन में काफी पिछड़ गई। चाइनीज कार मार्केट में चीन की सस्ती इलेक्ट्रिक कारें खूब बिकने लगीं। महंगाई और इलेक्ट्रिक कारों से जुड़े असमंजस के चलते यूरोप में नई कारों की बिक्री बहुत गिर गई। जर्मनी के सेकेंडहैंड कार मार्केट में अब भी पुरानी गाड़ियों की कीमत काफी ऊपर है।

इन समीकरणों का असर जर्मन कार कंपनियों की बेलेंस शीट पर दिख रहा है। 2024 की पहली छमाही में फोल्क्सवागन के शुद्ध मुनाफे में 14 फीसदी की कमी आई। इसी अवधि में 15 फीसदी का झटका बीएमडब्ल्यू और तकरीबन 16 परसेंट की कमी मर्सिडीज बेंज ने भी झेली। अब इस संकट की चोट सप्लाई चेन तक भी पहुंच चुकी है। फोल्क्सवागन का कहना है कि ई कारों पर ज्यादा ध्यान देने के लिए उसे पेट्रोल और डीजल कार की असेंबली लाइन में कटौती करनी होगी।

# मॉनसून की वापसी अब शुरू

दयानिधी

मौसम विभाग के अपडेट के अनुसार, 23 सितंबर को दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के पश्चिमी राजस्थान और कच्छ के कुछ हिस्सों से वापसी हो सकती है। मॉनसून की विदाई के कारण देश के कई हिस्सों में बारिश घट गई है जिसके चलते तापमान में बढ़ोतरी के साथ-साथ उमस ने जीना मुहाल किया है। आज, पूर्वोत्तर भारत के असम और मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालेंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के अलग-अलग इलाकों में लोगों को गर्म और उमस भरे मौसम से निजात मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, आंध्र प्रदेश तट से दक्षिण तटीय म्यांमार तक पूर्व-पश्चिम हवाओं का ट्रफ तथा चक्रवाती प्रसार जारी है। एक चक्रवाती प्रसार पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर और दूसरा दक्षिण तटीय म्यांमार और इससे सटे इलाकों के मध्य स्तरों तक फैला हुआ है। इन दोनों चक्रवाती प्रसारों की वजह से अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और इससे सटे इलाकों पर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने का पूर्वानुमान है।

इन मोसमी गतिविधियों का मतलब है कि आज, यानी 23 सितंबर को भारत के दक्षिणी प्रायद्वीप के दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में भारी बारिश होने के आसार हैं। वहीं, 23 और 24 सितंबर को तटीय कर्नाटक, रायलसीमा, उत्तर आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे में, 23 से 25 सितंबर के दौरान तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में बादलों के जमकर बरसने की आशंका जताई गई है, इन हिस्सों में 70 मिमी तक बारिश हो सकती है।

मध्य भारत का मोसम सबंधी अपडेट देखें तो यहां 23 से 26 सितम्बर के दौरान विदर्भ और छत्तीसगढ़ में तथा 24 से 27 सितम्बर के दौरान मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का अनुमान है, यहां भी 70 मिमी तक बरस सकते हैं बादल।

पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत में 23 से 29 सितम्बर के दौरान असम और मेघालय, नागालेंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में, 23 से 26 सितम्बर के दौरान ओडिशा में, 24 से 29 सितम्बर के दौरान अरुणाचल प्रदेश में 25 से 27 सितम्बर के दौरान उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, झारखंड में, 25 और 26 सितम्बर को पश्चिम बंगाल में गंगा के तटीय इलाकों, 27 से 29 सितम्बर के दौरान बिहार में भारी बारिश होने के आसार हैं, इन सभी राज्यों में 70 मिमी तक बारिश हो सकती है।

पश्चिम भारत में मोसमी बदलाव की बात करें तो 23 से 26 सितंबर के दौरान कोंकण और गोवा में भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है, यहां 200 मिमी से अधिक बरस सकते हैं बादल। वहीं 23 से 27 सितंबर के दौरान मध्य महाराष्ट्र में, 23-25 सितंबर के दौरान मराठवाड़ा में होगी भारी बारिश, यहां भी 200 मिमी से अधिक बारिश हो सकती है।



मौसम विभाग के अपडेट के अनुसार, 23 सितंबर को दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के पश्चिमी राजस्थान और कच्छ के कुछ हिस्सों से वापसी हो सकती है। मॉनसून की विदाई के कारण देश के कई हिस्सों में बारिश घट गई है जिसके चलते तापमान में बढ़ोतरी के साथ-साथ उमस ने जीना मुहाल किया है। आज, पूर्वोत्तर भारत के असम और मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालेंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा के अलग-अलग इलाकों में लोगों को गर्म और उमस भरे मौसम से निजात मिलने के आसार नहीं दिख रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, आंध्र प्रदेश तट से दक्षिण तटीय म्यांमार तक पूर्व-पश्चिम हवाओं का ट्रफ तथा चक्रवाती प्रसार जारी है। एक चक्रवाती प्रसार पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर और दूसरा दक्षिण तटीय म्यांमार और इससे सटे इलाकों के मध्य स्तरों तक फैला हुआ है। इन दोनों चक्रवाती प्रसारों की वजह से अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और इससे सटे इलाकों पर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने का पूर्वानुमान है। इन मौसमी गतिविधियों का मतलब है कि आज, यानी 23 सितंबर को भारत के दक्षिणी प्रायद्वीप के दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में भारी बारिश होने के आसार हैं। वहीं, 23 और 24 सितंबर को तटीय कर्नाटक, रायलसीमा, उत्तर आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे में, 23 से 25 सितंबर के दौरान तेलंगाना, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में बादलों के जमकर बरसने की आशंका जताई गई है, इन हिस्सों में 70 मिमी तक बारिश हो सकती है।

उत्तर-पश्चिम भारत में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि उत्तर-पश्चिम भारत के पश्चिम राजस्थान में पूरे सप्ताह भर मौसम के शुष्क रहने का पूर्वानुमान है।

चक्रवाती प्रसार व कम दबाव के चलते आज, तेलंगाना, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा केरल और माहे के अलग-अलग हिस्सों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तूफानी हवाओं के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं।

वहीं आज, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, विदर्भ, पश्चिम बंगाल और सिक्किम, झारखंड, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, तटीय कर्नाटक और उत्तर आंतरिक कर्नाटक के अलग-अलग इलाकों में गरज के साथ बारिश तथा बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।

बंगाल की खाड़ी में हलचल जारी है इसके कारण आज, पूर्व मध्य अरब सागर के कुछ हिस्सों, केरल और कर्नाटक के तटों, इससे सटे लक्षद्वीप क्षेत्र, मन्नार की खाड़ी, श्रीलंका तट, दक्षिण के कई इलाकों और पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के निकटवर्ती हिस्सों, पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में 35 से 45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तूफानी हवाओं के और तेज होकर 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार में तब्दील होने के आसार हैं।

वहीं आज, दक्षिण-पश्चिम अरब सागर के पश्चिमी इलाकों और सोमालिया तट के पास तथा पश्चिम-मध्य अरब सागर के आसपास 45 से 55 किमी प्रति घंटे की गति से चलने वाली तूफानी हवाओं के और तेज होकर 65 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। तेज तूफानी हवाओं की रफ्तार के कारण आज, मछुआरों को इन हिस्सों में मछली पकड़ने तथा किसी तरह के व्यापार से संबंधित काम के लिए न जाने के लिए आगाह किया है।

*(डाऊनटूअर्थ)*

# डिप्रेशन और एंग्जाइटी के इलाज के लिए इस्तेमाल होने वाली दवाएं मस्तिष्क के इलाज में भी मददगार : शोध

एक शोध में यह बात सामने आई है कि डिप्रेशन और एंग्जाइटी के इलाज के लिए आमतोर पर दी जाने वाली दवाएं मस्तिष्क की कार्यप्रणाली और याददाशत को बेहतर बनाने में भी मदद कर सकती है।

जर्नल बायोलॉजिकल साइकियाट्री में प्रकाशित शोध से पता चला है कि एसएसआरआई (सिलेक्टिव सेरोटोनिन रीअपटेक इनहिबिटर्स) डिप्रेशन और एंग्जाइटी की दवाओं में वर्बल मेमोरी को सुधारने की क्षमता है। वर्बल मेमोरी वह क्षमता है जिससे हम भाषा के माध्यम से प्रस्तुत शब्दों, वाक्यों, कहानियों को याद रखते हैं।

**जर्नल बायोलॉजिकल साइकियाट्री में प्रकाशित शोध से पता चला है कि एसएसआरआई (सिलेक्टिव सेरोटोनिन रीअपटेक इनहिबिटर्स) डिप्रेशन और एंग्जाइटी की दवाओं में वर्बल मेमोरी को सुधारने की क्षमता है। वर्बल मेमोरी वह क्षमता है जिससे हम भाषा के माध्यम से प्रस्तुत शब्दों, वाक्यों, कहानियों को याद रखते हैं।**

सेरोटोनिन को अक्सर 'अच्छा महसूस कराने वाला' रसायन कहा जाता है और मस्तिष्क में प्रसारित होने वाले सेरोटोनिन के उच्च स्तर से स्वास्थ्य की भावना बढ़ती है, अधिकांश पीड़ितों में इससे अवसाद को कम किया जा सकता है।

नीदरलेंड के कोपेनहेगन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के शोधकर्ताओं ने आठ सप्ताह तक रोजाना एसएसआरआई एस्सिटालोप्राम लेने से पहले और बाद में 90 रोगियों में मस्तिष्क की जांच की।

टीम ने सेरोटोनिन रिसेप्टर, 5HT4 रिसेप्टर की मात्रा को मापने के लिए मरीजों के मस्तिष्क को स्केन किया। रोगियों को मूड और संज्ञानात्मक क्षमताओं को मापने के लिए भी कई परीक्षण किए गए।

मस्तिष्क में 5HT4 रिसेप्टर की मात्रा मापने के लिए लगभग 40 रोगियों के मस्तिष्क को फिर से स्केन किया गया।परिणामों से पता चला कि मस्तिष्क में 5HT4 रिसेप्टर का स्तर लगभग 9 प्रतिशत कम हो गया था और इससे रोगियों के मूड में भी सुधार देखने को मिला।

शोधकर्ताओं ने कहा, " आगे के संज्ञानात्मक परीक्षणों में सुधार दिखाई दिया, जिससे पता चला कि 5HT4 रिसेप्टर में जितना कम बदलाव हुआ, संज्ञानात्मक परिणाम उतना ही बेहतर था। यह शोध



मस्तिष्क में 5HT4 रिसेप्टर की मात्रा मापने के लिए लगभग 40 रोगियों के मस्तिष्क को फिर से स्कैन किया गया।परिणामों से पता चला कि मस्तिष्क में 5HT4 रिसेप्टर का स्तर लगभग 9 प्रतिशत कम हो गया था और इससे रोगियों के मूड में भी सुधार देखने को मिला। शोधकर्ताओं ने कहा, " आगे के संज्ञानात्मक परीक्षणों में सुधार दिखाई दिया, जिससे पता चला कि 5HT4 रिसेप्टर में जितना कम बदलाव हुआ, संज्ञानात्मक परिणाम उतना ही बेहतर था। यह शोध शब्दों को याद करने की क्षमता के लिए विशेष रूप से प्रमुख थी।

शब्दों को याद करने की क्षमता के लिए विशेष रूप से प्रमुख थी। कोपेनहेगन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के शोधकर्ता विवेके डेम ने कहा कि एसएसआरआई दवाएं डिप्रेशन और एंग्जाइटी के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

डेम ने कहा कि शोध के निष्कर्ष इस बात को साफ करते हैं कि सेरोटोनिन मूड में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। टीम ने इसके लिए आगे भी शोध करने की सलाह दी है। यह शोध इटली के मिलान में चल रहे यूरोपीय कॉलेज ऑफ न्यूरोसाइकोफार्माकोलॉजी सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया।

*-आईएएनएस*

# रात को देरी से सोते हैं तो हो सकती है स्वास्थ्य समस्या

आज के समय में हर इंसान अपने काम में इतना व्यस्त है कि उसके पास अपनी नींद पूरी करने के लिए भी समय नहीं है। घर देरी से आना और सुबह जल्दी घर से निकलने के चक्कर में व्यक्ति अपनी नींद के साथ समझोता कर लेता है, जिसका सीधा असर उसके स्वास्थ्य पर पड़ता है।

अगर रात को देर से सोना आपके रूटीन का भी हिस्सा बन गया है, तो आप कई गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में हर कोई इस सवाल का जवाब तलाशता है कि इससे केसे बचें, तो आइए जानते हैं कि देर से सोने या कम नींद लेने के क्या-क्या नुकसान हैं और इससे केसे बचा जा सकता है।

देर से सोने के कारण व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। मानसिक तनाव के साथ किसी भी मुद्दे पर फेसला लेने में उसकी क्षमता प्रभावित होती है।

एक रिसर्च में दावा किया गया है कि पूरी नींद नहीं लेने से हार्ट अटेक, मधुमेह, मोटापे की समस्या हो सकती है। यह बीमारियां सेहत के लिए काफी हानिकारक हैं। नींद पूरी नहीं लेने से अगला दिन पूरा खराब हो जाता है। लोग अक्सर चिड़चिड़ापन और थकान महसूस करते हैं।

अगर आप स्कूल या कॉलेज में पढ़ाते हैं तो आपके लिए नींद लेना बेहद ही जरूरी है क्योंकि, ऐसा न करने पर आपकी एकाग्रता में कमी आती है। जिससे आपकी टीचिंग केपेसिटी भी प्रभावित होती है।

चलिए जानते हैं कि अच्छी नींद के लिए क्या उपाय करें। बेहतर नींद के लिए रात को सोने का एक वक्त तय कर लीजिए। जैसे कि उदाहरण के तौर पर रात 10 बजे आप सो रहे हैं, तो अगले दिन सुबह 6 बजे तक बिस्तर छोड़ दीजिए। करीब 8 घंटे की नींद लें।

रात को सोते समय इस बात का खासतौर पर ध्यान रखें कि जब आप सोने जा रहे हैं तो कम से कम एक घंटे पहले मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक आइटम को यूज करना बंद कर दें। क्योंकि, यह आपकी नींद में बाधा डाल सकती है। रात में सोने के लिए साफ-सुथरा बिस्तर तैयार करें। चारों तरफ स्वच्छ वातावरण रखें। इसके अलावा अच्छी नींद के लिए ध्यान और योग भी कर सकते हैं। रात को हल्का भोजन लें। खाने के बाद थोड़ा पेदल जरूर चलें।

*-आईएएनएस*

स्वच्छता अभियान के साथ मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

# मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता के बारे मे जनमानस को किया जागरुक

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर- शासकीय कमला राजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस अत्यंत हर्ष और उल्हास के साथ मनाया गया।स्वच्छता पखवाडे अंतर्गत स्वयं सेविकाओ द्वारा कंपू परिसर मे मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता के बारे मे जनमानस को जागरुक करने का प्रयास किया।स्थापना दिवस के रंगारंग कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व शासकीय अधिवक्ता,एवम अध्यक्ष,वनवासी छात्रा वास,केदारपुर और प्रबंध न्यासी कस्तूरबा गाँधी विश्रांति भवन न्यास,श्री जगदीश शर्मा उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती मीना सचान द्वारा की गयी।कार्यक्रम शुरुवात भारतीय परंपरा के अनुसार सरस्वती पूजन तथा रासेयो के आदर्श पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।निशा पासवान के गणेश वंदना के नृत्य से कार्य क्रम की शुरुवात हुई।स्वयं सेविकाओ द्वारा अतिथियों का रासेयो का बैच लगाकर एवम पुष्प माला देकर स्वागत किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय जगदीश शर्मा जी ने स्वयं के स्वयंसेवक रूप में अनुभवों को सभी के



साथ साझा किया और छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण,स्वच्छता इत्यादि के लिए सक्रिय कार्य करने के लिए मार्गदर्शन किया।कार्य क्रम मे श्री सुरेश मित्तल, सचिव मातृछाया भी उपस्थित रहे।प्राचार्य डॉ.जयश्री चौहान ने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन करते हुए अपने वक्तव्य में कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी



स्वयंसेवको में अनुशासन व एकता का भाव देखने को मिलता है तथा वह निरंतर ही सेवा का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से करते रहते हैं साथ ही उन्होंने छात्राओं को महाविद्यालय परिसर और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया।महाविद्यालय की जन भागीदारी अध्यक्ष डॉ मीना सचान ने स्वयं सेविकाओं को मार्गदर्शन किया और सदैव समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय कार्य करने के लिए प्रेरित किया।इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं द्वारा नृत्य गीत और कविता पाठ द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई जिसके क्रम में स्वयंसेविका रोशनी ने योग नित्य की सुंदर प्रस्तुति दी।बधाई नृत्य,कृष्ण गीत पर मनमोहक नृत्य सादर हुए।नैंसी शर्मा द्वारा प्रस्तुत प्रश्नोत्तरी से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया जो राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधीत थी।अंशिका ने रासेयो से जुड़ी कविता प्रस्तुत की।शिवानी राजपूत ने पुलवामा मे वीरों ने जान देश पर वारी है इस कविता से सभी को भावविभोर किया।राजस्थानी गीत पर नृत्य निहारिका और समूह ने प्रस्तुत किया।महाराष्ट राज्य के लावनी लोकनृत्य पर शिवानी ने सुंदर प्रस्तुति दी।कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय की पूर्व स्वयंसेविका आंचल कुशवाह और अनामिका राठौर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।संपूर्ण कार्यक्रम रा से यो कार्यक्रम अधिकारी डा कृष्णा सिंह,डॉ मीना श्रीवास्तव,डॉ संगीता सोमवंशी के मार्ग दर्शन मे हुआ।स्वयंसेविकाओं ने अधिक संख्या मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# सेवा पखवाड़े के तहत ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने लक्ष्मण तलैया पर लगाई झाड़ू

अधिकारियों को दिए जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश





**महेंद्र शर्मा संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शनिवार को संगठन पर्व के तहत हजीरा चौराहे स्थित राजा मान सिंह तोमर मंडल के भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में शामिल होकर नव सदस्य को भाजपा की सदस्यता दिलाई एवं सेवा पखवाड़े के तहत संत रविदास मंडल द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने लक्ष्मण तलैया तथा मोनी बाबा आश्रम में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की। इससे पहले ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र में अति वर्षा के कारण निर्मित हुई जलभराव की स्थिति पर नियंत्रण के बाद के हालातों का जायजा लिया। उन्होंने सड़क, सीवर, पानी तथा बिजली से सम्बन्धित समस्याओं के त्वरित निदान हेतु मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सीवर की सफाई प्राथमिकता के आधार पर तुरन्त कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र में अति वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए मकानों का निरीक्षण भी किया तथा प्रशासन और राजस्व विभाग के अधिकारियों से सर्वे कराने की बात कही । ऊर्जा मंत्री ने लक्ष्मण तलैया क्षेत्र के अलावा सिंधिया नगर, रविदास नगर तथा उरवाई गेट क्षेत्र में भी जनसमस्याओं को सुना और उनके समाधान के निर्देश दिए।

# भाजपा का सदस्यता अभियान नये भारत के निर्माण की दिशा में एक कदम - श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री ने उप नगर ग्वालियर में आयोजित सदस्यता अभियान में लिया हिस्सा





**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर । भाजपा के संगठन पर्व के तहत चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में सोमवार को ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उप नगर ग्वालियर के विभिन्न मंडलों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा सदस्यता अभियान के संभागीय प्रभारी श्री विजय दुबे, जिला उपाध्यक्ष श्री रामेश्वर सिंह भदौरिया, भाजपा ग्वालियर विधानसभा सदस्यता प्रभारी श्री धारा सिंह सेंगर, मंडल अध्यक्ष श्री योगेन्द्र सिंह तोमर, श्री बृजमोहन शर्मा, श्री मनमोहन पाठक,श्री आकाश श्रीवास्तब,जिला मंत्री श्री दीपक शर्मा, श्री बिट्टू तोमर सहित पार्षद और पूर्व पार्षद मौजूद थे।इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि हमारी ताकत हमारे कार्यकर्ताओं में है, हम साथ मिलकर हर चुनौती का सामना करेंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और उन्हें संगठन पर्व, सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने हजीरा सिविल अस्पताल के बाहर भाजपा के सदस्यता अभियान में शामिल होकर भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर सदस्यता लेने वाले नव सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने महावीर कॉलोनी में आयोजित सदस्यता अभियान में जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के इस प्रयास में आप सभी के सहयोग और समर्थन की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आव्हान किया कि हम साथ मिलकर नए भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सदस्यता राष्ट निर्माण और जन-जन के उत्थान की दिशा में एक कदम है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप सभी भाजपा के सदस्य बनें और अपने सहपाठियों को भी सदस्य बनाकर और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने दुर्गादास चौंक, कलि़ा गेट, फोर्ट व्यू कॉलोनी, महावीर कॉलोन तथा 12 बीघा कॉलोनी में संत रविदास मंडल के साथ भाजपा के सदस्यता अभियान में शामिल होकर घर-घर जाकर नए सदस्यों को जोड़ते हुए कहा कि एक साथ मिलकर हम विकास और सशक्त समाज की दिशा में आगे बढ़ेंगे

# ग्वालियर भिंड हाईवे सिक्स लेन अभियान 30 सितंबर को रैली को लेकर नुक्कड़ सभाएं



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । ग्वालियर भिंड हाईवे सिक्स लेन बनाओ अभियान को लेकर संत समाज के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों समाज सेवियों भिंड के नौजवानो के नेतृत्व में 30 सितंबर को रैली को लेकर जन संपर्क किया जा रहा है प्रेस को जारी विज्ञप्ति में सुनील फौजी ने बताया की ग्राम पिडोरा में अभियान को लेकर जन सभा हुई ,भिंड जिले के लोधी समाज ने इस अभियान का समर्थन किया है संघटन के जिला अध्यक्ष सरपंच पीपरी अजमेर सिंह लोधी ने समाज की तरफ से समर्थन पत्र भी सौपा,श्री वास समाज संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन श्रीवास,जिला अध्यक्ष शंभू दयाल श्रीवास ने आंदोलन का समर्थन किया। आंदोलन को लेकर जगह जगह जन संपर्क कर रहे हैं, आज के अभियान में जीतू जामपुरा,जितेंद्र फौजी,अरविंद शर्मा,बिनोद शर्मा फूफ,रोकी तोमर,श्याम सुंदर शर्मा,जीतू पचौरी , राधा रमण शर्मा,कोशल किशोर, अजीत दिघर्रा,पिंकू पुरोहित, ब्रह्मप्रकाश समाधियां, रामू समाधियां,रमन कुमार बोहरे,राधे श्याम परिहार,श्याम सुंदर राठौर आदि जन शामिल रहे ।

दो दिवसीय कार्यशाला का प्रथम दिन संपन्न

# एफ. पी.ए.आई.के सहयोग से महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य पर देने का करेंगे हर संभव प्रयास डॉ केशव पांडे







**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर । फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ग्वालियर शाखा द्वारा होटल रेडिसन में मुख्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया है कार्यशाला के प्रथम दिन संस्था द्वारा आज ग्वालियर शहर में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं के लिए एक मीटिंग का आयोजन किया गया इसका मुख्य उद्देश्य और आरचेस परियोजना के क्षेत्र में महिलाओं के दबाव पर आने वाली बाधाओं पर चर्चा कर समाज को जागरूक करना है। कार्यशाला का शुभारंभ वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर केशव पांडे जी द्वार दीपपराजलित कर किया उपस्थित थे उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला कब शुभारंभ किया। साथी उन्होंने अपने उद्बोधन में सभी को बताया कि एसबीआई पिछले 35 वर्षों से ग्वालियर शहर के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर कार्य कर रही है। इसकी सुविधा और बेहतर कैसे की जाए इस पर भी चर्चा की उन्होंने चर्चा में कहा कि एफ पी ए आई के माध्यम से प्रजन दबाव एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर महिलाओं महिलाओं को देंगे हर संभव प्रयास। कार्यशाला में कार्यशाला की अध्यक्षता संस्था की चेयरपर्सन डॉ शशी सिंह बिशन जी द्वारा की उन्होंने बताया कि आरचीज परियोजना में किस प्रकार सभी पिछला रिकॉर्ड बनाए एवं क्या-क्या कार्य अब तक किये इस पर चर्चा की !कार्यशाला में मुख्यालय की ओर से आई डिप्टी डायरेक्टर प्रोग्रामस डॉ अमिता धानु जी उपस्थित उन्होंने सभी को मुख्यालय से क्या-क्या संस्था की मदद की जाएगी एवं उन्होंने क्या-क्या कार्य क्षेत्र में काम कर रहे हैं इस पर भी चर्चा की

कार्यशाला में मुख्यालय की ओर से विशेष अतिथि के रूप में निशा जगदीश जी उपस्थित उन्होंने सभी को प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन के माध्यम से आरचेस परियोजना के रिजल्ट एवं आगामी लक्ष्य पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने इस परियोजना में पिछला क्या-क्या लाभ लक्ष्य पूरा किया इस पर चर्चा के साथ ही प्रजनन दबाव पर होने वाली समस्याओं पर चर्चा की कार्यक्रम का संचालन संस्था के शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दीक्षित जी द्वारा किया गया साथ ही उन्होंने सभी को संस्था की आगामी नवीन गतिविधियों पर जानकारी दी साथी उन्होंने सभी लोगों का स्वागत भी किया। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्था की युवा कार्यकारिणी सदस्य आकृति परमार उपस्थित थी। कार्यशाला में डिस्कशन कर इसका निर्णय कैसे निकाला जाए कार्यशाला में शहर के विभिन्न विभिन्न संस्थाओं से प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार रखें। जैसे बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था से डॉ वंदना भूपेंद्र प्रेमी आदर्श समाज सेवी संस्था से श्री प्रवीण पवार जी अनेक संस्थाओं से प्रतिनिधित्व उपस्थित थे। उमेश वशिष्ठ जी अंकित वशिष्ठ जी आशा आंगनबाड़ी वर्कर्स नेहरू युवा केंद्र नेहा जादोंन जी उपस्थित थे उन्होंने अपने विचार रखें। कार्यशाला में कुल 25 सामाजिक संस्थाओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यशाला के अंत में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेद्र सिंह कुशवाह द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# युवा मोर्चा ने रिकॉर्ड संख्या में बनाया युवाओं को भाजपा का सदस्य





**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर।भारतीय जनता युवा मोर्चा,ग्वालियर महानगर द्वारा वृहद स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा युवा मोर्चा के महासदस्यता अभियान का कार्यक्रम 21 और 22 को दिया गया जिसके अन्तर्गत युवा मोर्चा द्वारा हजारों नौजवानों को जोड़कर रिकॉर्ड सदस्यता की गई हैभारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी में बताया कि बीते तीन दिनों से ग्वालियर शहर के 15 मंडलों में लागतार स्टॉल लगाकर आम जन व युवाओं से सदस्यता का आग्रह किया गयाभाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व के कारण आज युवा भाजपा के सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर भागीदारी कर रहा हैसाथ ही शहर के कोचिंग संस्थान में युवा मोर्चा सदस्यता अभियान चला रहा हैसाथ ही शहर के प्रत्येक वार्ड में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता 500 सदस्य के लक्ष्य के साथ घर घर जाकर भी सदस्यता कर रहे हैबीते दो दिनों में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में महराज बाड़ा,दीनदयाल नगर,हजीरा चौराहा,किला गेट,बहोड़ापुर चौराहा,मुरार,अलकापुरी,नाका चंद्रवदनी,गोल पहाड़िया,फूलबाग आदि प्रमुख स्थाओं बड़ी संख्या में सदस्यता की गई हैनाका चंद्रवदनी पर लगाए गए सदस्यता अभियान में महिलाओं और युवाओं पूरे उत्साह के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कीसाथ ही शहर में सुबह की सैर वाले स्थान ग्वालियर किला,कटोरताल,बैजाताल शहर की जिम आदि में भी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने युवाओं व आमजन को सदस्य बनाया हैपंडित दीनदयाल जी की जयंती 25 सितंबर के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रत्येक बूथ पर जाकर युवाओं को रिकॉर्ड संख्या में सदस्य बनाएगाइस युवा मोर्चा के सदस्यता अभियान में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर,कैबिनेट मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर,संभागीय प्रभारी विजय दुबे,भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी,जय प्रकाश राजौरिया,हमीर सिंह पटेल,वीरेन्द्र जैन,विनय जैन,विनोद शर्मा,राजू पलैया,विवेक शर्मा,दारा सिंह सेंगर,धर्मेंद्र कुशवाह साथ ही भाजयुमो से विवेक चौहान,हरीश यादव,राहुल भदौरिया,रोहित भाटिया,अमित जैन,प्रिंस मझवार,राजकुमार यादव,शैलु चौहान,राजकुमार यादव,यशराज तोमर,सुमित शर्मा,गौरव किशोर,लाखन तोमर,अखिल राजौरिया,पूनम पाल,अंकित बंसल,देवेंद्र गुर्जर,सौरभ विटवेकर,अजय शर्मा,रोहित शर्मा,राहुल राजावत,नीरज जैन,प्रतीक शर्मा,रॉबिन शर्मा,प्रशांत सेंगर,मनोज राजपूत,मोनू सिकरवार,सचिन कंसाना,यश पाराशर,मनोज शुक्ला,धर्मेंद्र यादव,शशांक साहू,रोहित ठाकुर,विवेक भदौरिया,आशीष शर्मा,शिव भदौरिया,भानु बेस,सौरभ तोमर,यशवीर गुर्जर, बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल हुए है।

## नवनिर्मित स्टेडियम में 6 अक्टूबर को भारत : बांग्लादेश के बीच खेला जायेगा यह क्रिकेट मैच

भारत और बांग्लादेश के बीच आगामी 6 अक्टूबर को आयोजित होने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय 20 : 20 क्रिकेट मैच की तैयारियों का संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री एवं पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद सक्सेना ने मंगलवार को जायजा लिया। संभाग आयुक्त श्री खत्री ने इस अवसर पर निर्देश दिए कि जिला प्रशासन, पुलिस एवं एमपीसीए के अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर व्यवस्थाओं को इस प्रकार से अंजाम दें कि दर्शक सहजता व सुविधाजनक तरीके से स्टेडियम में प्रवेश कर सकें। साथ ही मैच समाप्ति के बाद जल्द से जल्द पार्किंग स्थल से अपने वाहनों को लेकर घर के लिये रवाना हो सकें। ज्ञात हो ग्वालियर शहर में शंकरपुर के नजदीक नवनिर्मित श्रीमंत माधवराव सिंधिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में यह 20 : 20 मैच होने जा रहा है। संभाग आयुक्त और आईजी द्वारा किए गए निरीक्षण व बैठक के दौरान ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री प्रशांत मेहता, प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार सगर, नगर निगम आयुक्त श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार व श्री टी एन सिंह, एसडीएम श्री अतुल सिंह सहित जिला प्रशासन, पुलिस एवं जीडीसीए के सचिव श्री संजय आहूजा समेत एमपीसीए के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**जरूरी सूचना**

श्री मति दीपा पांडेय पति श्री भूपेंद्र कुमार पांडेय निवासी वार्ड 09 निराला नगर रीवा मध्यप्रदेश के द्वारा क्रप भूमी मौजा अमरैया पटवारी हल्का दुआरी तहसील हुजूर नगर जिला रीवा (म. प्र.) प्रयोजन आवाशीय आराजी खसरा नं 188/3/24/1 रकवा 0.0222275 वर्ग फिट जो कि विक्रेता माधुरी सिंह पिता/पति श्री शिवप्रसाद सिंह निवासी एम.आई.जी 262 पद्मधर कालोनी ढेकहा रीवा (म. प्र.) क्रय जो कि लिंक डीड रजिस्ट्री गुम हो गई है जो की माधुरी सिंह के द्वारा क्रय किया गया था। राजीव गुप्ता पिताश्री गंगा दीन गुप्ता निवासी 2/17/576 राजीव गांधी पार्क के पास इलाहाबाद रोड नेहरू नगर रीवा मध्य प्रदेश।

सूचनाकर्ता
दीपा पांडे
मो. 87700080611

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478